दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली। शनिवार 12 अप्रैल-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 112 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3


## 'काशी मेरी और मैं काशी का'

# पीएम ने बनारस को दी 3880 करोड़ की सौगात



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस को 3880 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने शुक्रवार को वाराणसी में सड़क, बिजली, शिक्षा, पर्यटन से जुड़ी 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि काशी के प्रेम का कर्जदार हूं। काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में बनारस के विकास ने नई गति पकड़ी है। आज काशी पुरातन नहीं, प्रगतिशील भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी ने विरासत के साथ आधुनिक समय को साधा है। काशी पूर्वांचल के विकास रथ को खींच रही है। पूर्वांचल में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। काशी भारत की विविधता की सबसे सुंदर तस्वीर है। हमारे लिए देशसेवा का मंत्र है- सबका साथ-सबका विकास। जो लोग सत्ता हथियाने के लिए दिन रात-खेल खेलते रहते हैं, उनका सिद्धांत है, परिवार का साथ-परिवार का विकास।

**काशी ने विरासत के साथ आधुनिक समय को साधा है :** पीएम मोदी ने कहा कि काशी ने आधुनिक समय को साधा है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में मजबूत कदम रखे हैं। आज काशी होकर जो भी जाता है, वो यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर की, यहां की सुविधाओं की बहुत प्रशंसा करता है। हर दिन लाखों लोग बनारस आते हैं, बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते हैं, मां गंगा में स्नान करते हैं। हर यात्री कहता है- बनारस, बहुत बदल गया है।






# नगर निगम के कम्युनिटी सेंटर की अब 1100 नहीं 11000 में होगी बुकिंग

## नगर निगम की बोर्ड बैठक में पास हुआ नया रेट कार्ड





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम की बीते दिनों हुई बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया गया था कि नगर निगम के शहर भर में जो भी कम्युनिटी सेंटर चला रहे हैं, उनका शुल्क बढ़ाया जाए। जो पास हो गया है, अब नगर निगम निगम क्षेत्र में बने सभी कम्युनिटी सेंटर में किसी भी समारोह के लिए 1100 नहीं बल्कि 11000 रुपए वसूल करेगा। साथ ही किसी के 13वीं एवं गमी कार्यक्रम के लिए 5400 का नगर निगम को भुगतान करना होगा। हालांकि उधर अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जो यह धनराशि नगर निगम के पास आएगी, उससे किसी अन्य कार्य में नहीं इन्हीं कम्युनिटी सेंटर की सफाई, रंगाई पुताई और बिजली संबंधी कार्यों के लिए खर्च किया जाएगा ताकि वर्षभर इनमें काम हो सके और लोग इसका इस्तेमाल व उपयोग कर सकें।

### महापौर सुनीता दयाल ने कहा पहले से बेहतर मिलेगी निगम के कम्युनिटी सेंटर में सुविधा

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि कम्युनिटी सेंटर के पैसे अधिक लिए जाएंगे, तो यहां कार्यक्रम आयोजित करने वालों को अधिक सुविधाएं भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी सेंटर नगर निगम अब अधिक ध्यान देगा। उनकी सफाई, रंगाई-पुताई और बिजली व्यवस्था बेहतर बनाई जाएगी। साथ ही जो इसमें बुकिंग के लिए पैसा प्राप्त होगा, उससे इनके सौंदर्यीकरण और सुधार कार्यों के लिए लगाया जाएगा।

### तेरहवीं के लिए अब देने होंगे 5400 रुपये नकद

### लंबे समय बाद की गई है कम्युनिटी सेंटर में बुकिंग की धनराशि में वृद्धि

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कम्युनिटी सेंटर की बुकिंग धनराशि में लगभग डेढ़ दशक बढ़ोत्तरी की गई है। साथ ही नगर निगम के अधिकारियों का कहना है की बुकिंग धनराशि बढ़ाने के बाद अब जल्द ही कम्युनिटी सेंटर के रखरखाव पर और अधिक ध्यान दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के समर्थन में दिल्ली जाने का कार्यक्रम किया स्थगित

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर बोले, उमा भारती और पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के सम्मान में लिया गया है फैसला

**- राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने कहा, अगर दोषियों पर नहीं हुई कार्रवाई तो फिर तैयार करेंगे रणनीति**

**- लोनी विधायक नंदकिशोर बोले, अभी जारी रहेगा उनका यही अंदाज, नहीं पहनेंगे नए वस्त्र और चलेंगे नंगे पांव**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी में कलश यात्रा में शामिल श्रीराम भक्तों, माता बहनों के साथ दुर्व्यवहार, लाठीचार्ज एवं लोनी विधायक नंदकिशोर के साथ बर्बरता करने पर जो गुर्जर समाज ने दिल्ली जाने की रणनीति तैयार की थी, उसे फिलहाल कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविंदर सिंह गुर्जर ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा है कि फिलहाल 13 अप्रैल को दिल्ली जाने और प्रधानमंत्री तक इस पूरे मामले को पहुंचाने के लिए जो दिल्ली जाने का कार्यक्रम था, उसे स्थगित कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने कहा है कि यह इसलिए स्थगित किया गया है ताकि उचित समयसीमा में संतोषजनक कार्रवाई हो और गुर्जर समाज सदैव से ही राष्ट्र हित और नेताओं के सम्मान में फैसला लेता है। साथ ही रविंद्र गुर्जर ने कहा है कि इस पूरे मामले में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पर भी ऊपर से दबाव था। साथ ही खुद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से जिस तरीके से पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बातचीत करते हुए गुर्जर सभा के सामने अपना पक्ष भी रखना बताया गया है।

वहीं जानकारी है कि उनके दिशा निर्देश दिए थे, तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला दिया गया है। इसके साथ ही पूर्व विधायक रूप चौधरी का भी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जिक्र किया है। कुल मिलाकर राष्ट्रीय गुर्जर महासभा और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने फिलहाल दिल्ली जाने का प्लान कैंसिल कर दिया है। कहा जा रहा है उनके इस आंदोलन को लगातार पूरे देश व हिंदू समाज से समर्थन मिल रहा है।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में गुर्जर समाज के पास आई 11 लाख से ज्यादा फोन कॉल

करंट क्राइम : राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह गुर्जर का कहना है कि वह अपने समाज के नेता और रामचरितमानस की रक्षा करने के लिए अपने ऊपर बर्बरता सहने वाले लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के समर्थन में हैं। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं विदेश से भी बीते कुछ दिनों के दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के लिए समर्थन वाले फोन कॉल आए हैं। उन्होंने दावा किया है कि बीते कुछ दिनों में नंदकिशोर गुर्जर, भारत माता के भक्त और रामचरितमानस को बचाने वाले 11 लाख से ज्यादा लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गुर्जर महासभा को संपर्क किया है। साथ ही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर परिस्थिति में साथ खड़े होने का भी भरोसा दिलाया गया। रविंद्र सिंह गुर्जर ने कहा है कि समाज के अगर किसी भी नेता का अपमान होगा, तो गुर्जर बिरादरी उसे नहीं सहेगी।



### विधायक नंदकिशोर ने कहा, जारी रहेगा अनशन और नए वस्त्र न पहनने का वचन

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 20 मार्च को लोनी में पुलिस द्वारा की गई बर्बरता और अबतक दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न होने को लेकर रोष कम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने जो वचन लिया था कि वह दोषियों पर कार्रवाई न होने तक अनशन पर रहेंगे। नंगे पैर चलेंगे और नए वस्त्र नहीं धारण करेंगे वो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह बीते 20 दिनों से फटे वस्त्रों को धोकर पहन रहे हैं। अनाज ग्रहण नहीं कर रहे हैं। साथ ही उनके समर्थन में लगातार हिंदू संगठनों और देशभर के साधु संतों का आशीर्वाद व समर्थन उनको मिल रहा है। उन्होंने कहा उन्होंने भगवान राम और रामचरितमानस की रक्षा के लिए यह सब किया है और वह इस वचन से पीछे नहीं हटेंगे।

### इशारों ही इशारों में कहा सब कुछ कर दिया गया है लखनऊ में अपडेट

करंट क्राइम : शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से 20 मार्च की घटना हुई थी, उसके बाद लखनऊ में बैठे अधिकारियों और मुख्यमंत्री कार्यालय और खुद मुख्यमंत्री को कई गलत सूचनाओं भेजी गई थीं। जिसे अब उन्होंने बीते कुछ दिनों में अपडेट कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह अभी शांत हैं, जबतक दोषी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती वह अपने वचन पर डटे रहेंगे और उनके समर्थन में हिंदू समाज से लेकर सर्व समाज और पार्टी से लेकर हिंदू संगठन साथ हैं।

### नंदकिशोर बोले, राम के नाम पर सबने दिया है मेरा साथ और आशीर्वाद

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से उन्होंने भगवान राम के नाम पर वोट मांगे और उन्हें वोट मिले। तो देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार आई। तो वह राम के नाम पर एकजुट हैं और लोग उनको राम के नाम पर अब तक समर्थन कर रहे हैं। वह राम का नाम लेकर आगे चलते रहेंगे, रुकने का सवाल ही पैदा नहीं होता है।

# 13 अप्रैल को लोनी में रहेगा व्यापक रूट डॉयवर्जन

**- सभी छोटे-बड़े आयोजनों में तैनात की गई है लोकल पुलिस**

**- अधिकारियों का शांतिपूर्वक कार्यक्रम एवं समारोह संपन्न कराने पर जोर**

## हनुमान जयंती को लेकर कमिश्नरेट में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों लोनी में भगवान राम की कथा के दौरान शोभायात्रा निकाले जाने पर जो हंगामा और बवाल मचा था, ऐसा अब दोबारा ना हो। इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 12 और 13 अप्रैल को कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अलर्ट रहेगी। तो वहीं 13 अप्रैल को कस्बा लोनी से प्रस्तावित हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा सनातन उदय यात्रा को लेकर यातायात पुलिस द्वारा बाकायदा लोनी में व्यापक रूट डॉयवर्जन प्लान को जारी किया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत प्रत्येक थानाक्षेत्र में प्रमुख हनुमान मंदिरों और बड़े आयोजनों को लेकर पुलिस ने डाटा तैयार करते हुए सभी कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस की तैनाती का प्लान भी बनाया है। साथ ही कहीं पर किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी या हंगामा न हो, इसके लिए पुलिस लाइन में रिजर्व में क्विक रिस्पांस टीम भी गठित की गई हैं। जिसमें महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को बॉडी प्रोटेक्टर के साथ तैयार रखा जाएगा।

> "लोनी में होने वाली यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। सभी ड्यूटी व्यवस्था और रूट डॉयवर्जन से लेकर पुलिस बल को तैयान किया गया है।
> सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी ग्रामीण पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद



### लोनी में इस तरह रहेगा रूट का डायवर्जन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रेफिक एडवाइजरी जारी करते हुए 13 अप्रैल को गोल चक्कर दिल्ली से लोनी बॉर्डर लोनी की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आगमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यहां सभी प्रकार के वाहन गोल चक्कर दिल्ली से तुलसी निकेतन भोपुरा तिराहे होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। वहीं टीलामोड़ से लोनी की ओर भी किसी प्रकार के वाहन नहीं चलेंगे। यहां जाने वाले वाहनों को बंथला फ्लाईओवर से बंथला चिरोड़ी मार्ग होते हुए अपने स्थान को जाना होगा।

### बागपत मार्ग पर भी पड़ेगा रूट डायवर्जन का असर




करंट क्राइम : लोनी में हनुमान जयंती पर जन्मोत्सव शोभा यात्रा सनातन उदय यात्रा को लेकर बागपत की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को लोनी तिराहे होकर दिल्ली की ओर नहीं आने दिया जाएगा। यह वाहन पुश्ता चौकी से खजूरी मार्ग होते हुए जाएंगे। वहीं बागपत की ओर से लोनी तिराहा होकर गाज़ियाबाद भी वाहन नहीं आ सकेंगे। कस्बा लोनी में 12 बजे दोपहर से 3 :00 तक भारी वाहन को भी नहीं आने दिया जाएगा।




# 2036 में भारत में होगा ओलंपिक!

## काशी के खिलाड़ियों से पीएम का आह्वान, बोले- मेडल के लिए करें तैयारी



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेंहदीगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए का कि काशी के युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के बहुत मौके मिले। 2036 में ओलंपिक भारत में हो हम इसके लिए लगे हुए हैं। लेकिन ओलंपिक में मेडल चमकाने के लिए मेरे काशी के नौजवानों आपको अभी से तैयारी करनी होगी। इसीलिए बनारस में नए स्टेडियम बन रहे हैं। युवा साथियों के लिए अच्छी फेसिलिटी बन रही है।

नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि वाराणसी के सैकड़ों खिलाड़ी उसमे ट्रेनिंग ले रहे हैं। काशी सांसद खेल प्रतिभागियों को इस खेल के मैदान में अपना दम दिखाने का भी मौका मिला।

**यूनीटी मॉल का किया जिक्र** कहा कि भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है और काशी उसकी सबसे सुंदर तस्वीर है। काशी के हर मोहल्ल में भारत का एक अलग रंग दिखता है। मुझे खुशी है कि काशी तमिल संगमम जैसा आयोजन यहां होता है।

यहां पर एकता मॉल बनने जा रहा है, जहां भारत के अलग-अलग जिलों के उत्पाद एक ही छत के नीचे मिलेंगे। कहा कि काशी की पुरातन आत्मा को आधुनिक काया से जोड़ते रहना है। अंत में नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव से पीएम मोदी ने अपने भाषण को विराम दिया।

### एफआईआर में मायावती की भतीजी का बड़ा दावा

# 'बॉडी बनाने के चक्कर में नपुंसक हो गया पति'



**हापुड़।** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती की भतीजी ने दहेज उत्पीड़न के मामले में अपनी सास हापुड़ नगर पालिकाध्यक्ष पुष्पा देवी, ससुर श्रीपाल सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि आरोपी दहेज में 50 लाख रुपये और इंदिरापुरम में फ्लैट की मांग कर रहे थे। इसके साथ जेठ व ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास और पिटाई का भी आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुकदमा दर्ज होने के बाद बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. एके कर्दम ने आरोपी दंपती व उनके पुत्र को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पीड़िता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि नौ नवंबर 2023 को उसका विवाह बैंक कॉलोनी निकट रामलीला ग्राउंड निवासी पुष्पा देवी के पुत्र विशाल के साथ हुआ था।

पुष्पा देवी वर्तमान में बसपा से हापुड़ की नगर पालिकाध्यक्ष हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही पीड़िता के पति विशाल, ससुर श्रीपाल सिंह, सास पुष्पा देवी, जेठ भूपेंद्र उर्फ मोनू, जेठानी निशा, ननद शिवनी, मौसा ससुर अखिलेश एक साथ मिलकर दहेज में गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक फ्लैट और 50 लाख रुपये की मांग करने लगे।

**बसपा सुप्रीमो के नाम पर दहेज मांगने का आरोप :** आरोप है कि आरोपी उसकी बुआ मायावती बहुजन समाज पार्टी की कर्ताधर्ता होने के नाते उसे धमकाते थे। आरोपियों का कहना था कि तुम्हारे पास बहुत पैसा है। तुम एक फ्लैट व 50 लाख रुपये की व्यवस्था कर दो। लेकिन उसके द्वारा विरोध करने पर आरोपी उसकी पिटाई करने लगे। आरोपी धमकी देते थे कि इस संबंध में किसी से शिकायत की तो झूठे केस लगवा दिए जाएंगे।

# सीएचपीएमए ने विश्व होम्योपैथिक दिवस 2025 का किया भव्य आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 10 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया जाता है। यह दिन होम्योपैथी के जनक महान जर्मन चिकित्सक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैम्युल हैनिमैन की 270वीं जयंती केउपलक्ष्य मेंसमर्पित है। इस अवसर पर गाज़ियाबाद होम्योपैथिक प्रैक्टिशनर्स मेडिकल एसोसिएशन ने चौधरी भवन, कविनगर में भव्य आयोजन किया। जिसमें गाज़ियाबाद और आस-पास से अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों, छात्रों और होम्योपैथी प्रेमियों नेउत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. पंकज त्यागी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी गाज़ियाबाद रहे। उन्होंने मंच से सभी चिकित्सकों को पंजीकरण कराने की उपयोगिता समझाई और होम्योपैथी के संगठित विकास की आवश्यकता पर बल दिया। इस आयोजन के दौरान सीएचपीएमए की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी (2025-2027) की औपचारिक घोषणा की गईः अध्यक्ष : डॉ. अनिल शर्मा, महासचिव : डॉ. तमन्ना कसाना, कोषाध्यक्ष : डॉ. रैना सचान को बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता, पूर्व महासचिव डॉ. मनीष शर्मा और पूर्वकोषाध्यक्ष डॉ. दीपांकर गुप्ता द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा गया और अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया गया। मंच संचालन प्रभावशाली ढंग से डॉ. अमित मित्तल, डॉ. तमन्ना कसाना एवं डॉ. तनु राघव द्वारा किया गया। समारोह में गायन, नृत्य, कविता और हास्य के कार्यक्रमों नेउपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराने वाले प्रमुख चिकित्सकों में शामिल रहेः डॉ. एम. आर. गोयल, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. ऋतुसचदेवा, डॉ. प्रवीण साहनी, डॉ. संजीव गर्ग, डॉ. नीरज रस्तोगी, डॉ. रीनू, डॉ. आकृति त्यागी, डॉ. सिद्धांत शर्मासहित अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक।

# प्रसूताओं के साथ हो रहा बड़ा छल नाश्ते में न दूध मिल रहा न फल

### पानी जैसा दलिया परोसा जा रहा



**अलीगढ़।** अस्पतालों में भर्ती होने वाली प्रसूताओं को मानक के अनुसार नाश्ता और भोजन नहीं मिल पा रहा है। यूं तो उन्हें नाश्ते में दूध, फल, मक्खन, दही, अंडा दिया जाना चाहिए। लेकिन नाश्ते में केवल पानी जैसा दलिया मिल रहा है। न तो उन्हें दूध दिया जाता है और न ही फल। सीएमएस का कहना है कि गाइडलाइन के मुताबिक नाश्ता और खाना दिया जाना चाहिए। अगर नहीं दिया जा रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय और मोहनलाल गौतम महिला जिला अस्पताल में प्रसूताओं को रात के खाने में भी केवल दाल और दो रोटी दी जाती हैं। नियमानुसार प्रसूता को बदल-बदल कर मौसमी सब्जी दी जानी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि अगर किसी को ज्यादा भूख लगती है तो उसे दोबारा रोटी नहीं दी जाती है।

प्रसूताओं को मेन्यू के हिसाब से नाश्ता और भोजन दिए जाने का प्रावधान है। अगर मेन्यू के हिसाब से नाश्ता और भोजन नहीं दिया जा रहा है तो उसकी जांच कराएंगे। संबंधित से जवाब तलब भी करेंगे।

-डॉ. एमके माथुर, सीएमएस, दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय

प्रसूताओं को नाश्ता और भोजन दिया जा रहा है। गाइडलाइंस में जो नाश्ता और भोजन है, उसी के अनुरूप दिया जा रहा है। अगर इसमें लापरवाही बरती जा रही है, तो जांच कराएंगे।- डॉ. तैयब, सीएमएस, मोहनलाल गौतम जिला अस्पताल

**कुछ प्रसूताओं के लिए आ रहा घर या ढाबे से खाना :** अस्पातल में कुछ प्रसूताओं ने बताया कि यहां पर ठीक खाना नहीं मिलने के चलते उनका खाना घर या होटल-ढाबे से आता है।

# लखनऊ की कचौड़ी पर जीएसटी का छापा

### वाजपेयी कचौड़ी भंडार के आय-व्यय की हो रही जांच




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित वाजपेयी कचौड़ी भंडार में शुक्रवार को जीएसटी की टीम ने छापा मार दिया। इससे हड़कंप मच गया।

जीएसटी की टीम ने भंडार के आय-व्यय जुड़े दस्तावेज और मशीनें जब्त कर ली हैं और जांच कर रही है।

जांच कार्रवाई के दौरान भंडार को सील कर दिया गया है और जीएसटी टीम संबंधित लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वाजपेयी कचौड़ी भंडार लखनऊ की एक खास पहचान के तौर पर भी देखी जाती है और हर रोज यहां पर भारी बिक्री होती है।

जीएसटी टीम आय- व्यय की पूरी जानकारी ले रही है। हालांकि, टीम की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# काशी के प्रेम का कर्जदार हूं: पीएम मोदी

## पहचान का नया पासपोर्ट है जीआई टैग, विकास और विरासत का अनूठा संगम है बनारस



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी पहुंचे। यहां बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पहुंचे। पीएम ने 39 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इसके अलावा 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम ने इस दौरान जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रही है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यह बताता है यह उत्पाद इस जमीन की पैदाइश है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी। कहा कि यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है।

**सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई :** पीएम नरेंद्र मोदी ने बाबतपुर एयरपोर्ट पर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और डीएम एस राजलिंग से मुलाकात की। पीएम ने सामूहिक दुष्कर्म मामले की जानकारी लेते हुए मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

**सत्ता पाने के लिए खेल खेलने वालों का ये है सिद्धांत :** पीएम ने कहा हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं उनका सिद्धांत है परिवार का साथ परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। दस साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा कि हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं।

पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। लौटाने का प्रयास किया है। वाराणसी में 50 हजार वय वंदना कार्ड पहुंच गया है, यह आंकड़ा नहीं। नम्र प्रयास है। वहीं उन्होंने आयुष्मान योजना को लेकर कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की मजबूरी नहीं है। दर- दर भटकने की जरूरत नहीं है। आयुष्मान कार्ड से मरीजों का इलाज निशुल्क हो जाएगा।

### यूपी की मिट्टी की खुशबू अब सरहदों के पार जाएगी

पीएम मोदी ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं। जीआई टैग ने स्थानीय उत्पादों को नई बुलंदियों तक पहुंचाया है। यूपी देश में जीआई टैगिंग में पहले स्थान पर है। जौनपुर की इमरती, मथुरा की सांझी कला, पीलीभीत की बांसुरी और लखीमपुर खीरी की थारू जरदोजी जैसे उत्पादों को जीआई टैग मिला है। पीएम ने कहा कि यूपी की मिट्टी की खुशबू अब सरहदों के पार जाएगी।

**ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के संकल्पों को बढ़ा रहे आगे :** पीएम मोदी ने कहा सामाजिक चेतना के प्रति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारी शक्ति के ही आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए संकल्पित रहे। उनके विचारों को, उनके संकल्पना को नारी सशक्तिकरण के उनके आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। नई ऊर्जा दे रहे हैं। पीएम ने कहा साथियों आज मैं एक बात और भी कहना चाहूंगा। महात्मा फुले जी जैसे त्यागी तपस्वी महापुरुषों के प्रेरणा से ही देश सेवा का हमारा मंत्र रहा है। सबका साथ सबका विकास हम देश के लिए उसे विचार को लेकर के चलते हैं। जिसका समर्पित भाव है सबका साथ सबका विकास।

**हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही :** पीएम मोदी ने कहा कि हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े अस्पताल आपके पास आ रहे हैं। यही तो विकास है।

सिर्फ अस्पताल ही नहीं, सुविधाएं बढ़ी हैं। काशी में पूर्वांचल समेत आसपास और नेपाल तक के लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी ने काशी को भारत की आत्मा और विविधता की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि काशी के हर मोहल्ले में भारत का अलग रंग और संस्कृति दिखती है। काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों ने एकता के सूत्र को मजबूत किया है।

### कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को ज्ञापन सौंपा

# 'गरीबों के हक की लड़ाई के लिए बड़े से बड़ा आंदोलन करेंगे'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी महासचिव अकबर चौधरी ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि गरिमा गार्डन वार्ड नंबर 64 व मौसम विहार वार्ड नंबर 66 लगभग 30 वर्षों से घनी आबादी वाला इलाका है। जैसे कि इरशाद गार्डन इकबाल कॉलोनी, भल्ला कालोनी, नुरासन कॉलोनी, सिकंदरपुर गांव व पसार्डा गांव के द्वारा बसाई गई कॉलोनी है और यहां पर वर्षों से हिंडन एयरफोर्स भी है और जहां तक हिंडन एयरफोर्स की सीमा थी वहां तक हिंडन एयरफोर्स के अधिकारियों के द्वारा आरसीसी की दीवार कराकर अपनी जमीन को पहले से ही सुरक्षित किया जा चुका है।

जब लोकल डीलरों के द्वारा हिंडन एयरफोर्स की दीवारों के नजदीक कालोनियां बसाई जा रही थीं। जब किसी भी अधिकारी ने वहां पर किसी भी तरीके का कोई एतराज नहीं किया और ना ही कोई चेतावनी दी तो फिर आज लगभग 30 वर्षों बाद ऐसा क्या हुआ जो हिंडन एयर फोर्स के अधिकारियों के द्वारा गरीब व्यक्तियों को अपने खाली पड़े प्लाटों पर मकान नहीं बनाने दिए जा रहे हैं। एक गरीब व्यक्ति मेहनत मजदूरी कर अपने खून-पसीने की कमाई से बच्चों को छत देने के लिए अपने पूरे जीवन की जमा पूंजी लगा देता है और जब वह आज अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अपने सपनों का एक मकान बनाने की कोशिश करते हैं तो उनको हिंडन एयर फोर्स के लोग जान से मारने की धमकी देकर झूठे मुकदमे लिखवा कर जेल भेजने की धमकी देकर उनको मकान बनाने से रोक देते हैं। ऐसा क्यों अगर वह ऐसा करते हैं तो हिंडन एयर फोर्स के अधिकारियों व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सभी प्लॉट मालिकों को उनकी जमीन का मार्केट रेट के द्वारा उचित मुआवजा दिया जाए जिससे वह अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए किसी और जगह जाकर अपने सपनों का शीश महल बना सके अगर हिंडन एयर फोर्स व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा ऐसा नहीं किया जाता तो उनका कोई अधिकार नहीं है किसी को अपनी जमीन पर मकान बनाने से रोक सके इसलिए सभी गरीब लोगों को मकान बनाने की इजाजत दी जाए हिंडन एयर फोर्स व उत्तर प्रदेश सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि व जमीन मालिक को अपनी जमीनों पर मकान बनाने व झांझर पड़े मकान की मरम्मत करने से उनको रोक सके।

अगर वह ऐसा करते हैं तो जालिम मालिकों को मुआवजा दिए अगर बिना मुआवजा दिए बगैर गरीब लोगों को रोका जाता है तो पूरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी व मेरे द्वारा गरीब व्यक्तियों के हक की लड़ाई के लिए बड़े से बड़ा आंदोलन व धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आपसे निवेदन है कि गरीब व्यक्तियों को मकान बनाने व अपने मकान की मरम्मत करने की इजाजत दी जाए।

# बिजली कनेक्शन के लिए डेढ़ लाख मांगी घूस, निलंबित

### नहीं दिए तो जेई ने थमा दिया 6.69 लाख का एस्टीमेट




**लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए बिजली कनेक्शन मांगने पर एक महिला से घूस मांगने के मामले में बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) विजय कुमार को निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित कमरुन निशा ने 15 किलोवाट के व्यावसायिक कनेक्शन के लिए झटपट पोर्टल पर आवेदन किया था।

आरोप है कि दुबग्गा उपकेंद्र के जेई ने कमरुन निशा के पति मोहम्मद इरफान को बुलाकर डेढ़ लाख रुपये की घूस मांगी। कहा कि यह राशि पास के ट्रांसफार्मर से सीधे कनेक्शन देने के लिए ली जा रही है। जब कमरुन निशा ने घूस देने से इन्कार किया तो जेई ने मनमर्जी से करीब 6.69 लाख रुपये का फर्जी एस्टीमेट थमा दिया, जिसमें ट्रांसफार्मर और लाइन खुद लगाने की बात कही गई।

कमरुन निशा ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत पावर कॉरपोरेशन के अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना से की। इस पर अधीक्षण अभियंता ने खुद ही जांच की। जांच में आरोप सही पाए गए और महिला को बिना अतिरिक्त राशि के कनेक्शन भी दे दिया गया।



# खुले में जाम छलकाना पड़ा भारी

## 225 लोग गिरफ्तार

**देहरादून।** देहरादून शहर कोतवाली, नेहरू कॉलोनी, राजपुर, पटेलनगर, बसंत विहार, प्रेमनगर थाना क्षेत्र से खुले में शराब पीने वाले 255 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनका पुलिस एक्ट में चालान कर पुलिस ने 80,250 रुपये का जुमार्ना वसूला।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देश पर शहर में खुली जगहों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने शहरभर में अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान शहर के अलग-अलग हिस्सों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे 225 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस सभी को थाने लाकर पुलिस एक्ट में चालान किया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब न पीने की हिदायत भी दी गई।

इस दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की। एल्कोमीटर से जांच में 12 लोग पीकर वाहन चलाते पाए गए। इस पर सभी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इनके वाहनों को सीज कर दिया गया।

# सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में एक दहशतगर्द ढेर



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की किशतवाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। छत्रू इलाके में सुरक्षा बलों ने एक दहशतगर्द को ढेर कर दिया। पूरे इलाके में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान बुधवार (9 अप्रैल) से जारी था।

जानकारी के अुसार, 9 अप्रैल को किशतवाड़ के छत्रू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। उसी दिन देर शाम को आतंकियों से मुठभेड़ हुई।

इस पर सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों को घेर लिया। दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हुई। सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभी इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

# चार्जिंग प्वाइंट पर खड़ी डीटीसी की एक इलेक्ट्रिक बस में लगी आग

### दमकलकर्मियों ने एक घंटे में पाया काबू



**नई दिल्ली।** रोहिणी बस डिपो में चार्जिंग प्वाइंट पर खड़ी डीटीसी की एक इलेक्ट्रिक बस में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। आग बस की छत पर रखी बैटरी में लगी, जिसे बुझाने में काफी समय लग गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शुक्रवार सुबह रोहिणी सेक्टर 37 में स्थित डीटीसी डिपो में एक इलेक्ट्रिक बस में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। जिस बस में आग लगी थी वह चार्जिंग प्वाइंट पर खड़ी थी। दमकल अधिकारियों ने देखा कि आग बस की छत पर रखे बैटरी में लगी थी। दमकल कर्मियों ने आस-पास खड़ी बसों को वहां से दूर हटा दिया। दमकल कर्मियों दमकल की गाड़ी और सीढ़ी लगाकर आग बुझाने में जुट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बस में आग लगने के दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था। जिसकी वजह से हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# ये तो है कन्फर्म 2027 में वैश्य होगा चुनावी चेहरा

## सवाल ये कि साहिबाबाद, शहर या मुरादनगर में से किस सीट पर बंधेगा सेहरा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी तैयारियों की बात करें तो भाजपा के लिये ये कहा जा सकता है कि वो वर्ष भर सतत चुनाव लड़ती है। उसकी तैयारियां लगातार चलती है, उसके उम्मीदवार बाद में तैयार होते हैं , लेकिन चुनावी रणनीति पहले तय हो जाती है। बीते दिनों जब संगठन की बैठक हुई थी तो प्रमुख पदाधिकारी ने कहा भी था कि हम मंडल से लेकर महानगर तक पदाधिकारी नहीं 2027 का चुनावी रण जीतने के लिये कार्यकताओं की फौज तैयार कर रहे हैं। जाहिर है कि जब चुनावी रणनीति बनेगी तो यहां समीकरण भी तय होंगे और समीकरण तय होंगे तो फिर इसमें जाति भी आएगी और क्षेत्र का समीकरण भी आएगा। कई नाम आएंगे, नए चेहरे भी हो सकते हैं, पुराने चेहरों को भी मौका मिल सकता है।

भाजपा का गाजियाबाद में इतिहास देखें तो वो चुनावी रण में एकदम नए चेहरे भी लाती है और अपने पुराने वरिष्ठ नेताओं को भी एक लंबे समय के बाद मौका दे देती है। नए चेहरों की बात करें तो 2014 में भाजपा ने लोकसभा सीट पर जनरल वीके सिंह को चुनाव लड़वाया। भौगोलिक रूप से उनके लिये यह क्षेत्र नया था। वो राजनीति के नये खिलाड़ी थी, उनका पहला चुनाव था, लेकिन भाजपा ने इस चुनाव में सारे उम्मीदवारों की जमानत जब्त करा दी और रिकॉर्ड जीत हासिल की।

इसी तरह भाजपा ने एमएलसी चुनाव में दिनेश गोयल को उम्मीदवार बनाया। दिनेश गोयल के लिये ये पहला चुनाव था और यहां भाजपा ने अपने इस नए चेहरे से पूरी बाजी उलट दी। नए चेहरे के रूप में दिनेश गोयल ने रिकॉर्ड जीत हासिल की और धुरंधरों को हरा दिया। वरिष्ठों की बात करें तो भाजपा ने मेयर सीट पर तेलूराम कांबोज को टिकट दिया और सपा सरकार में आधी रात के संघर्ष के बाद भाजपा चुनाव जीती थी। सुनीता दयाल को अचानक से प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। ये वरिष्ठता का सम्मान है और फिर उन्हें मेयर का टिकट भी दिया गया।

लिहाजा भाजपा चुनावी चेहरों को तय करके चलती है, लेकिन उससे पहले वो अपनी रणनीति फिक्स करती है। भाजपा के चुनावी कैलेंडर को देखें तो वर्ष 2027 में वो एक सीट से वैश्य चेहरा लेकर आएगी। सवाल यही है कि वो इस चेहरे के लिये कौन सी दिशा चुनेगी। चुनावी चेहरे के सिर पर टिकट वाला सेहरा कौन सी विधानसभा से बंधेगा। वो विधानसभा साहिबाबाद होगी, शहर सीट होगी या मुरादनगर सीट होगी। अब इसी को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। विधानसभाओं का हिसाब लगाया जा रहा है।

### शहर सीट से संजीव होंगे रिपीट या बढ़ेगी हार्टबीट



**करंट क्राइम।** शहर सीट की बात करें तो यहां से संजीव शर्मा विधायक हैं। वो उपचुनाव में यहां से जीते हैं। यह सीट यहां के विधायक अतुल गर्ग के लोकसभा सांसद बनने के बाद रिक्त हुई और यहां पार्टी ने ब्राह्मण कार्ड खेला और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को मौका दिया। संजीव शर्मा ने जीत हासिल की और बड़ी बात ये है कि वो अध्यक्ष वाली पारी के बाद विधायक वाली पारी भी धुंआधार तरीके से खेल रहे हैं। जनता के बीच रहकर जनता के विधायक वाला संदेश दे चुके हैं। रोज सुबह उनके घर पर जनसुनवाई का दरबार लगता है। वो अपने कार्यालय पर समस्याएं सुनते हैं। ऐसे में पार्टी यहां कार्ड चेंज करेगी या संजीव शर्मा रिपीट होंगे। चुनाव के समय ये सवाल हार्टबीट बढ़ाएगा।

### साहिबाबाद में सुनील शर्मा को मिलेगा क्या चौथी बार फिर मौका



**करंट क्राइम।** वैश्य कार्ड की बात हो रही है और देश की सबसे बड़ी विधानसभा में क्या भाजपा वैश्य कार्ड खेलेगी। इस विधानसभा से सुनील शर्मा लगातार दूसरी बार विधायक हैं और इससे पहले इस सीट का परिसीमन होने से पहले भी वो विधायक रहे हैं। इस तरह से सुनील शर्मा तीन बार विधायक हैं। इस बार प्रदेश सरकार ने उन्हें कैबिनेट मंत्री भी बनाया है। सवाल यही है कि क्या पार्टी इस चेहरे को फिर मौका देगी। सुनील शर्मा अपनी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक हैं। देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीते विधायक हैं। मंडल की राजनीति से लेकर उत्तराखण्ड और पूर्वांचल समाज की राजनीति में एक्टिव रहते हैं। क्या इस सीट पर वैश्य कार्ड होगा या फिर सुनील शर्मा ही पारी खेलेंगे।

### मयंक गोयल भी करेंगे दावेदारी महानगर वाली सीट पर



**करंट क्राइम।** संगठन और सदन की बात करें तो जो नियम संजीव शर्मा के लिये हुआ उसी नियम की मांग मौजूदा अध्यक्ष मयंक गोयल अपने लिये भी करेंगे। संजीव शर्मा लगातार दो बार अध्यक्ष बनें और उन्होंने अध्यक्ष रहते हुए ही शहर सीट से दावेदारी की। पार्टी में उनके नाम पर फैसला लिया और संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष रहते हुए शहर विधायक का चुनाव लड़े और जीते। लिहाजा राजनीति के जानकारी ये मायने हैं कि मौजूदा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी इसी अंदाज में दावेदारी करेंगे और शहर सीट से टिकट मांगेंगे। यह देखना रोचक रहेगा कि जिस तरह अध्यक्ष वाली सहमति में संघ की वीटो मांगी जा रही है क्या उस समय भी संघ मयंक गोयल के लिये टिकट वाली वीटो लगाएगा।

### मुरादनगर में अजीतपाल को मिलेगा टिकट या वैश्य फैक्टर पर आएगा निकट



**करंट क्राइम।** मुरादनगर सीट की बात करें तो यहां से अजीतपाल त्यागी लगातार दूसरी बार विधायक हैं। इससे पहले आठ बार ये सीट उन्हीं के परिवार में रही है। उनके पिता राजपाल त्यागी यहां कैबिनेट मंत्री रहे हैं और वो अलग-अलग दलों से लेकर दो बार विधानसभा का चुनाव निर्दलीय भी जीते हैं। ऐसे में क्या भाजपा यहां वैश्य चेहरे को कंसीडर करेगी या फिर अपने सिटिंग विधायक को टिकट देगी। यह देखने की बात है, क्योंकि अजीतपाल त्यागी अपनी विधानसभा में जबर्दस्त पकड़ रखने वाले विधायक माने जाते हैं।

### गाजियाबाद की भगवा सियासत में वैश्य जलवा






**करंट क्राइम।** अगर गाजियाबाद की भाजपाई सियासत की बात करें तो यहां वैश्य जलवा हमेशा से रहा है। संगठन हो या जनप्रतिनिधि वाली राजनीति हो, वैश्य समाज के चेहरों को पद और टिकट दोनों मिलते रहे हैं। डीसी गर्ग वैश्य समाज से थे और दो बार मेयर रहे। दमयंती गोयल गाजियाबाद की पहली महिला मेयर रही हैं। सुनीता दयाल मौजूदा मेयर हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को तो सिटिंग सांसद का टिकट काटकर चुनावी रण में उतारा गया और अतुल गर्ग ने खुद को साबित भी कर दिया। विधायकों की बात करें तो अतुल गर्ग खुद दो बार शहर विधायक रहे और उनके पास सरकार में खाद्य एवं रसद मंत्री से लेकर चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय रहा है। एमएलसी की बात करें तो दिनेश गोयल वैश्य समाज से हैं और एमएलसी हैं। राज्यसभा की बात करें तो अनिल अग्रवाल गाजियाबाद से हैं और राज्यसभा सांसद रहे हैं। कुछ महीने पहले ही पूर्व हुए हैं। संगठन की बात करें तो मोदीनगर के दिनेश सिंघल जिलाध्यक्ष रहे हैं। पवन गोयल जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। इस तरीके से भाजपा की पॉलिटिक्स का फोकस वैश्य समाज पर रहा है और मौजूदा समय में देखें तो वैश्य समाज से एक ही जिले से चार वैश्य जनप्रतिनिधि हैं। ये अपने आप में काफी है।

### गर्ग, गोयल, गुप्ता, बंसल में से किसे मिलेगा मौका




**करंट क्राइम।** वैश्य राजनीति का चुनावी प्रतिनिधित्व होना ही है। ऐसे में तीन विधानसभाएं प्रमुख मानी जा रही हैं और अब बात उन चेहरों की जो टिकट के दावेदार हो सकते हैं। इनमें सबसे पहला नाम मयंक गोयल का है। मयंक गोयल संघ पृष्ठभूमि से हैं, महानगर अध्यक्ष हैं और वो लगातार तीन बार से विधानसभा टिकट की दावेदारी में हैं। वैश्य चेहरों की बात करें तो समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता का नाम भी आता है। संजीव गुप्ता शांत भाव से काम करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं कि वो टिकट की दावेदारी में नहीं हैं। उन्होंने मेयर चुनाव में भी दावेदारी की थी, हालांकि बाद में सीट ही महिला आरक्षित रिपीट हो गई। संजीव गुप्ता भाजपा का सौम्य चेहरा हैं और वो भी वैश्य कार्ड वाले प्रोफाइल में आते हैं।

यहां वैश्य कार्ड की बात करें तो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का भी नाम चलता है। ललित जायसवाल सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर आगे रहते हैं। भाजपा के हर आयोजन में उनकी मौजूदगी रहती है। वो भी टिकट दावेदारी में रहे हैं और जब वैश्य कार्ड की बात आएगी तो इस चेहरे का भी नाम आएगा। वैश्य चेहरों की बात करें और नई राजनीति की बात करें तो पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता। मूल भाजपाई हैं, पूरा परिवार भाजपा पृष्ठभूमि से हैं। बेहद व्यवहारकुशल और मिलनसार है। गैरविवादित चेहरा हैं और वो कविनगर क्षेत्र में रहते हैं। विभू बंसल भाजपा की राजनीति में प्रदेश स्तर पर एक्टिव दिखाई देते हैं।

भाजपा के दावेदारों की बात करें तो यहां जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल का नाम प्रमुखता पर है। पवन गोयल तीन बार से शहर सीट पर दावेदारी कर रहे हैं। पुराने भाजपाई हैं और वैश्य समाज का भाजपाई चेहरा है। वैश्य दावेदारी में भाजपा के निवर्तमान महामंत्री गोपाल अग्रवाल का नाम भी वैश्य चुनावी चेहरों में आता है। उनकी पत्नी मुरादनगर नगर पालिका चेयरमैन का चुनाव लड़ चुकी है। गोपाल अग्रवाल टिकट की दावेदारी का भाजपाई वैश्य चेहरा हो सकते हैं। वैश्य समाज और टिकट की दावेदारी में अनिल अग्रवाल सांवरिया के नाम के बिना ये जिक्र अधूरा है। अनिल सांवरिया सामाजिक और धार्मिक प्रोफाइल के साथ मूल भाजपाई हैं और भाजपा के हर कार्यक्रम में वो रहते हैं। उनकी दावेदारी भी बनती है और समय आने पर ये चेहरा आगे भी आएगा।

भाजपा के वैश्य चेहरों की बात करें तो यहां अगर किसी का पीढ़ी दर पीढ़ी भाजपाई से जुड़ा है तो वो चेहरा वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले का है। शांत और सौम्य स्वभाव के नेता हैं। हमेशा विवादों से दूर रहते हैं। पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। मेयर टिकट के लिये एक बार तो उनका नाम लगभग कंफर्म हो गया बताया जाता है, लेकिन सीट के आरक्षण ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। बहरहाल वैश्य समाज का ये चेहरा टिकट की दावेदारी में है। वैश्य समाज के दावेदारों की बात करें तो बालकिशन गुप्ता बालू भी टिकट की दावेदारी में हैं और बदलती राजनीति में समय के साथ कई और चेहरें भी आएंगे।

### क्या अनिल अग्रवाल लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव

**करंट क्राइम।** अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद रहे हैं और उनका नाम विधानसभा उपचुनाव में भी चला था। राज्यसभा में रहने के बाद विधानसभा के चुनाव की बात पर हैरानी नहीं होनी चाहिए। बदलती भाजपा में ये संभव है। भाजपा की बात करें तो बेबी रानी मौर्या उत्तराखण्ड की गवर्नर रहीं और एक प्रदेश की गवर्नर रहने के बाद वो आज उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। रमेश चंद तोमर चार बार लोकसभा सांसद रहे और इसके बाद वो धौलाना सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़े। मजबूती से चुनाव लड़े लेकिन वोट विभाजन की रणनीति ने उनके चुनाव को प्रभावित किया और वो हार गए। लिहाजा ऐसे में पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की विधानसभा वाली दावेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### एक को तो हटना ही होगा तीन वाले सीन से

**करंट क्राइम।** भाजपा के सियासी जानकारी बताते हैं कि आप इस बात को मानकर चलो कि पार्टी यहां वैश्य कार्ड खेलेगी और अन्य सीटों की बात करें तो इन तीन सीटों पर वो वैश्य बिरादरी का बोलबाला मानकर चलती है। कहने वाले कह रहे हैं कि जब चुनाव आता है तो सबको तोड़ना पड़ता है। ऐसे में अगर तीन कुर्सी हों और बैठने वाले चार हो तो फिर इस रेस में एक फेस को हटना ही होगा, क्योंकि कुर्सी तीन है। लिहाजा किसकी कुबार्नी होगी यह सब देखा जाएगा।

# हिंडन में आज होगी महत्वपूर्ण बैठक, आएंगे देश के 21 सांसद

## वॉल्वो बस के लिए तोड़ा गया एलिवेटेड रोड का हाइट बैरियर, सुरक्षा और महत्वपूर्ण विषयों पर है कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देश की संसद और राज्यसभा में महत्वपूर्ण कानून बनाने से लेकर अपने विशेष राय देने वाले जनप्रतिनिधियों का एक दल शनिवार को गाजियाबाद में होगा। वह साहिबाबाद स्थित हिंडन एयर बेस में आयोजित होने वाले एक विशेष बैठक और कार्यक्रम में भाग लेंगे।

बताया जा रहा है कि आने वाले इन सभी सांसदों को सुरक्षा के विशेष घेरे और खास बस में सवार कर हिंडन एलिवेटेड रोड से हिंडन एयर बेस लेकर जाया जाएगा। बताया जा रहा है इसी के चलते शुक्रवार को हिंडन एलिवेटेड रोड का हाइट बैरियर भी तोड़ दिया गया है ताकि माननीय सांसदों की बस ठीक प्रकार से बिना किसी असुविधा के यहां से निकल सके। बताया जा रहा है कि हिंडन एयर बेस के अंदर आयोजित होने वाली यह मीटिंग और कार्यक्रम बेहद उच्च स्तरीय रहेगा। बता दें की शुक्रवार को अधिकारियों और पुलिस के लिए हाइट बैरियर का मामला बेहद पेंचीदा हो गया था।






कभी इसके लिए नगर निगम, तो कभी जीडीए तो कभी परिवहन विभाग के अधिकारियों को फोन किया जा रहा था ताकि यहां से सांसदों की बस को आसानी से निकाला जा सके।

### सुरक्षा का भी रहेगा व्यापक प्रबंध

**करंट क्राइम :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्यसभा और लोकसभा के इन सांसदों के साथ ना सिर्फ दिल्ली पुलिस मौजूद रहेंगी, बल्कि यूपी गेट से घुसते ही यहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद उनको सुरक्षा प्रदान करने का काम करेगी। सुरक्षा के घेरे में इन सभी सांसदों को हिंडन एलिवेटेड रोड से हिंडन एयरबेस ले जाया जाएगा। जहां यह एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के बाद वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सुरक्षा के लिए इस दौरान इन सभी को सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा भी प्रदान किया जाएगा।

# फिर सड़क हादसे में स्पीड ने छीन ली दो युवकों की जिंदगी

## हिंडन एयर फोर्स गोल चक्कर के निकट हुआ सड़क हादसा

### दो दिन में कई लोगों की गई जान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वाहन चालकों की स्पीड उनकी जान पर भारी पड़ रही है। गुरुवार को जहां सिटी जोन के कवि नगर थानाक्षेत्र में दो युवकों की तेज स्पीड वाहन पेड़ से टकराने पर मौके पर मौत हो गई थी। तो वहीं शुक्रवार तड़के नदिया पार के साहिबाबाद थानाक्षेत्र में मोहन नगर, हिंडन एयर फोर्स गोल चक्कर लोनी रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सड़क दुर्घटना में पुलिस के द्वारा जानकारी दी गई है कि दुर्घटना के समय चारों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार थे और किसी ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि हादसे की वजह मोटरसाइकिल चलाते समय लापरवाही और ट्रक से टकरा जाना अब तक की जांच के बाद निकलकर आया है। बता दें कि बीते दो दिन में कई लोगों ने अलग-अलग सड़क हादसों में जान गंवाई है।

### लगातार स्पीड बन रही है जानलेवा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से मिले आंकड़ों के अनुसार बीते 2 साल में 35 से अधिक लोगों ने सड़क हादसों में तेज रफ्तार वाहन चलाने के दौरान जान गंवाई है। तो वहीं सड़क हादसों में तो बीते दो सालों में थोड़ी कमी दर्ज की गई है लेकिन मृतकों की संख्या में कोई खास कमी अभी नजर नहीं आ रही है। हालांकि यातायात पुलिस और परिवहन विभाग समय-समय पर वाहन चालकों को स्पीड लिमिट में वाहन चलाने को लेकर कार्रवाई करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करते रहते हैं।

### ट्रक और बाइक की टक्कर से हुआ हादसा

**करंट क्राइम :** इस सड़क हादसे में चार युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार थे। जिसमें से करण सिंह निवासी पसौंड़ा उम्र 21 साल, आनंद निवासी 20 सड़क हादसे में घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सड़क दुर्घटना में अमर और राहुल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि चारों ही युवक नई उम्र के थे और बिना हेलमेट के एक मोटरसाइकिल पर सवार थे और तेज स्पीड पर होने की वजह से यह ट्रक से जाकर टकरा गए और हादसा हो गया।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का आ गया विधायक नंदकिशोर गुर्जर को लेकर जवाब

## पूर्व मेयर अशु वर्मा आखिर कब तोड़ेंगे इस मुद्दे पर खामोशी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं। उनकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो जब किसी मुद्दे पर अपने विचार रखते हैं तो फिर पूरी तरह से निर्विकार से भाव से उस बात को रखते हैं।

वो किसी नाराजगी, किसी की खुशी की परवाह नहीं करते हैं, वो मुद्दे का ईमानदारी से विश्लेषण करते हैं और फिर बात रखते हैं। बालेश्वर त्यागी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले लोगों में से हैं और उनकी बाद देखें तो पूर्व मेयर अशु वर्मा हिंदुत्व से लेकर राष्ट्रवाद के मुद्दे पर लगातार फेसबुक पर एक अलख जगाए रखते हैं और यहां तीसरे नंबर पर पूर्व विधायक रूप चौधरी का नाम आता है। इन तीन चेहरों का जिक्र भी इसलिये है कि ये स्पष्ट तरीके से बात रखते हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर कथा विवाद के बाद से ही फटे कुर्ते के साथ घूम रहे हैं। कथा तो समाप्त भी हो गई लेकिन व्यथा अभी जारी है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने एक लंबा चौड़ा लेख विधायक नंदकिशोर गुर्जर को लेकर लिखा और अब सवाल यही है कि आखिर पूर्व मेयर अशु वर्मा लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को लेकर कब बात रखेंगे। उनसे ये जनअपेक्षा इसलिये भी है क्योंकि वो हिंदुत्व पर अक्सर पर बड़ी पोस्ट करते हैं। सावन के महीने में रोजाना सबको ये कहने नहीं भूलते कि आप मंदिर गये क्या। वो राष्ट्र सर्वोपरि की बात भी करते हैं और अगर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के मामले को देखें तो इसमें वो सभी विषयवस्तु हैं जिन पर पूर्व मेयर अशु वर्मा सोशल मीडिया पर मुखर रहते हैं।

इसमें पुलिस और विधायक का टकराव है, इसमें हिंदुत्व है, इसमें मंदिर है, कथा है, यात्रा है और इतने सब मुद्दों के बाद भी आखिर ऐसा क्या है कि पूर्व मेयर अशु वर्मा लोनी कलश यात्रा के बाद हिंदुत्व के नायक बनकर उभरे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में नहीं आ पा रहे हैं। हो सकता है कि वो लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के बयान से सहमत ना हों, वे उनकी भाषाशैली से सहमत ना हों, लेकिन फेसबुक पर रोजाना पोस्ट करने वाले अशु वर्मा विधायक के विरोध में भी नहीं हैं। आखिर ऐसा सीन क्यों है कि वो इतना सबकुछ होने के बाद भी फेसबुक पर तमाशबीन बने हुए हैं। क्या वो अपना पॉलिटिकल कॅरियर देख रहे हैं, इसलिए खुलकर स्टेंड नहीं ले पा रहे हैं। बहरहाल जो भी है, लेकिन सोशल मीडिया पर क्रांति मचाने वो अशु वर्मा ने लोनी की क्रांति पर एक रहस्यमयी शांति धारण कर ली है।

## संपादकीय

# भारत की कूटनीतिक जीत

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी और कूटनीतिक सफलता है। इस कदम से हमले के पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद है और पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बढ़ेगा। राणा के खुलासे से जांच को नई दिशा मिलने की संभावना है। मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत है। अब देश के दुश्मन को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा और उन लोगों को इंसाफ मिलेगा, जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनों को खोया है। रंग लाई मेहनत मुंबई पर आतंकी हमला साल 2008 में हुआ था। 16 साल से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन उसका दर्द अब भी है। वजह कि सारे दोषियों को आज तक भी उनके किए की सजा नहीं मिल सकी है। कई दोषी सीमा पार शरण लिए हुए हैं। इस लिहाज से राणा का प्रत्यर्पण बहुत बड़ी सफलता है। इसके पीछे भारत सरकार और उसके उन अफसरों की कड़ी मेहनत है, जो 2019 से ही राणा को भारत लाने के प्रयास में जुटे थे। पाकिस्तान पर दबाव तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम से एजेंसीज पूरा सच जान सकती हैं। इससे पाकिस्तान पर प्रेशर बनाया जा सकेगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दिखावा न करे, बल्कि हकीकत में कदम उठाए। चूंकि मुंबई अटैक में 6 अमेरिकी नागरिकों की भी जान गई थी, इसलिए इस्लामाबाद पर वॉशिंगटन का भी दबाव होगा। भारत का बढ़ता कद राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी अदालतों में तमाम दलीलें दीं। यहां तक कहा कि एक अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती, लेकिन भारत ने बखूबी उसका काउंटर किया। इससे संदेश गया है कि मानवता के गुनहगार कानून को ढाल बनाकर लंबे समय तक बच नहीं सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में ही कह दिया था कि मुंबई आतंकी हमले के लिए राणा को भारत में न्याय का सामना करना पड़ेगा।

अभी काम बाकी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण एक बड़ी जीत है, पर पूरी नहीं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का एक बड़ा काम यहां से शुरू होता है। मुंबई पर आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग और फंडिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी कक्व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ था, इसमें कोई शक नहीं रह गया है। फिर भी कुछ कड़िया बाकी हैं। राणा के जरिये भारतीय सुरक्षा एजेंसियां उन कड़ियों को जोड़ सकती हैं। इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# अमेरिकी टैरिफ से राहत के बीच बाजार में रिकवरी, सेंसेक्स 1310 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,310.11 अंक या 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,620.18 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 75,467.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 429.40 अंक या 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर पहुंच गया।

अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ को इस साल 9 जुलाई तक टालने के बाद घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रिकवरी दिखी। शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 1,310 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूसरी ओर, जबकि निफ्टी 22,900 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में जारी मंदी के रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,310.11 अंक या 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,620.18 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 75,467.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 429.40 अंक या 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर पहुंच गया। दिनभर के कारोबार में बेंचमार्क 524.75 अंक या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 22,923.90 अंक पर पहुंच गया। व्हाइट हाउस के कार्यकारी आदेश के अनुसार, अमेरिका ने इस वर्ष 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर अतिरिक्त जवाबी शुल्क टालने का एलान किया है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर जवाबी टैरिफ लगा दिया था। इसी कड़ी में भारत पर भी 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की बात कही गई थी। अमेरिका के इस एलान से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में झींगा से लेकर इस्पात तक के उत्पादों की बिक्री पर असर पड़ने की आशंका है।



शुक्रवार के कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी पोर्ट्स सर्वाधिक लाभ में रहे। केवल एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर ही गिरकर बंद हुए।

# सराफा बाजार में तूफानी तेजी से ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना

## चांदी ने भी लगाई 4,200 रुपये की छलांग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण घरेलू सराफा बाजार में आज तूफानी तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना आज एक झटके में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा होकर अभी तक सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 4,200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। सराफा बाजार में आई आज की तेजी के कारण 24 कैरेट सोना महंगा होकर 93,390 रुपये से लेकर 93,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 85,610 रुपये से लेकर 85,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसर ओर, चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 93,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 85,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 93,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 93,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 85,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



# ट्रंप को चीन का मुंहतोड़ जवाब

## अमेरिकी सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर किया 125 फीसदी



**नई दिल्ली।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बताया है कि उसने अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। उधर, नए अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार चीन पर कुल व्यापार शुल्क 145 प्रतिशत है। जिसके जवाब में अब चीन ने 125% टैरिफ का एलान किया है।

अमेरिका की ओर से चीन की वस्तुओं पर 145% टैरिफ लगाने पर अब चीन ने पलटवार किया है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिका से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि चीन ने आयातित अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। चीन ने इससे पहले अमेरिकी उत्पादों पर 84 प्रतिशत टैरिफ का एलान किया था। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। उधर, नए अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार चीन पर कुल व्यापार शुल्क 145 प्रतिशत है।

### चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग क्या बोले

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ से अमेरिका की धमकी का विरोध करने में बीजिंग के साथ जुड़ने का आह्वान किया और कहा कि टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। शी ने स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ बैठक के दौरान कहा, चीन और यूरोपीय संघ आर्थिक वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार के दृढ़ समर्थक हैं।

# कर प्रोत्साहन उपाय भारतीय अर्थव्यवस्था को टैरिफ की मार से बचाने में मददगार, व्यापार संतुलन पर होगा असर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के जवाबी टैरिफ से जुड़े जोखिमों को देखते हुए मूडीज एनालिटिक्स ने 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को 0.3 फीसदी घटाकर 6.1 फीसदी कर दिया है। मार्च में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान जताया था। वित्तीय सेवा कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा, अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। इसलिए, भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने से व्यापार संतुलन पर भारी असर पड़ेगा। हालांकि, 2025-26 के बजट में घोषित टैक्स प्रोत्साहन उपायों से घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और इससे अन्य कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में समग्र वृद्धि पर टैरिफ के झटके को कम करने में मदद मिलेगी।



### रेपो दर में फिर होगी 0.25 फीसदी कटौती

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सकल महंगाई में अच्छी रफ्तार से कमी आ रही है। इससे आरबीआई को उदार रुख कायम रखने में मदद मिलेगी। मूडीज ने ब्याज दरों के मोर्चे पर कहा, हमें उम्मीद है कि आरबीआई रेपो रेट में एक बार फिर 0.25 फीसदी की कटौती करेगा। इससे साल के अंत तक प्रमुख नीतिगत दर घटकर 5.75 फीसदी रह जाएगी।

### रत्न-आभूषण उद्योग पर सर्वाधिक असर

मूडीज ने ह्यएपीएसी आउटलुक : यूएस वर्सेज देम रिपोर्ट में कहा, भारत पर 26 फीसदी अमेरिकी टैरिफ से रत्न एवं आभूषण, चिकित्सा उपकरण और कपड़ा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों की अमेरिका को होने वाले निर्यात में अधिक हिस्सेदारी है। फिर भी, हम उम्मीद करते हैं कि समग्र वृद्धि इस झटके से अपेक्षाकृत अछूती रहेगी क्योंकि बाहरी मांग जीडीपी का काफी छोटा हिस्सा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब एक माँ अपने बच्चे को जन्म देती है, उस वक्त उसे इतना दर्द होता है, जितना हमारे शरीर की 20 हड्डियां टूटने पर होता है।
- अगर कोई व्यक्ति ज्यादातर अपने नाखून चबाता रहता है, तो इसका मतलब है, के वह या तो परेशान है, या फिर किसी चिंता में डूबा हुआ है।
- जब कोई व्यक्ति सच बोलता है, तो उसके हाथ ज्यादा हिलते है, वही अगर कोई व्यक्ति झूट बोलता है, तो वह अपने शरीर में काम गतिविधि करता है।
- अगर आपको बहुत ज्यादा हंसी आ रही है, और आपकी हसी रुक नहीं रही है, तो आप अपने शरीर पर चोंटी (नुच) सकते है, इससे आपकी हसीं बंद हो जायेगी।
- हमारे हाथ की सबसे ज्यादा संवेदनशील ऊँगली अंगूठे के बाद वाली उंगली होती है।
- हमारे होठों की त्वचा 3 से 4 परतो से मिलकर बनी होती है, जिसकी वजह से होठों का रंग गुलाबी और लाल नजर आता है।
- अगर किसी की लम्बाई कम है, तो इसका 90 प्रतिशत मतलब है, जिस समय वह व्यक्ति गर्भाशय में था, उस समय उसकी माँ चिंतिति होगी।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास-?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग ऑपरेशन टेवल पर लेटे थे
बड़ा ऑपरेशन होने वाला था और ऑपरेशन उनका दामाद करने वाला था
जब डाक्टर दामाद आया तो उन्होंने बड़े प्यार से कहा
बेटे में जानता हूँ कि तुम मुझे कुछ नहीं होने दोगे
अगर कुछ अनहोनी हो गयी तो तुम्हारी सास तुम्हारे साथ ही रहेगी फिर ऑपरेशन सफल रहा।

---

पहला दोस्त – खुशी और अफसोस की मिक्स फीलिंग कब आती है...?
दूसरा दोस्त – मुझे क्या पता, तू ही बता दे।
पहला दोस्त – जब स्कूल में साथ पढ़ी हुई लड़की बोल दे कि
मैं उन दिनों तुमको बहुत पसंद करती थी...!

---

दो महिलाएं आपस में बात कर रही थी...
बेलन भी एक विचित्र यंत्र है...
जिससे रोटी गोल होती है
और पति सीधा...!

12 04 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन



सुमित्रा महाजन (भारतीय राजनेत्री)



सुमन मित्तल



अल्का शर्मा



डॉ. सत्यप्रकाश सिंह



मुकुल प्रताप



राजन आर्य वाल्मीकि



राजीव वर्मा



संजय सिंह डेढ़ा



शिखर गुप्ता



रमेश शर्मा



करतार सिंह



ऋषभ जैन



इरफान सैफी



जतिन शर्मा



विष्णु कुमार



राहुल पंडित



रवि शर्मा



अनंत अग्रवाल



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अपने घर में सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बनी आरसीबी, कोहली 1000 बाउंड्रीज लगाने वाले पहले खिलाड़ी



**आईपीएल 2025 में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हरा दिया। यह आरसीबी की इस सीजन दूसरी हार रही। वहीं, अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी में बेंगलुरु की टीम लगातार दूसरा मैच हारी है। अभी तक आरसीबी ने इस सत्र में पांच मैच खेले हैं और तीन में टीम को जीत मिली है। ये तीनों मैदान विपक्षी टीम के थे। वहीं, अपने घर में आरसीबी दोनों मैच हारी है**

**नई दिल्ली ।** इसी के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम लीग में अपने घरेलू मैदान पर सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बन गई है। उन्होंने अब तक बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 45 मैच गंवाए हैं, जो कि सबसे ज्यादा है। वहीं, इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स का नंबर आता है। कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 44 मैच गंवाए हैं।

**कोहली 1000 बाउंड्रीज लगाने वाले पहले खिलाड़ी :** पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 163 रन बनाए थे। फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई थी। दोनों ने 23 गेंद में 61 रन की ओपनिंग साझेदारी की। हालांकि, सॉल्ट रन आउट हो गए और साझेदारी टूट गई। इसके बाद आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई। सॉल्ट ने 17 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 37 रन बनाए। कोहली ने 14 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 22 रन की पारी खेली। इसी के साथ वह आईपीएल के इतिहास में 1000 बाउंड्रीज लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उनके नाम फिलहाल आईपीएल में 1001 बाउंड्रीज हैं। इनमें 721 चौके और 280 छक्के शामिल हैं। दिल्ली के खिलाड़ियों ने भी कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम किए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे मिचेल स्टार्क के आरसीबी की पारी के तीसरे ओवर में 30 रन आए। इसमें से पांच रन अतिरिक्त के थे।

## नाकामुरा से हारे एरिगेसी, कार्लसन सेमीफाइनल में, गुकेश-प्रज्ञानंद इस स्थान पर



**नाकामुरा ।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी कड़ी चुनौती पेश करने के बाद हिकारू नाकामुरा से हार गए जिससे अमेरिकी खिलाड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां फ्रीस्टाइल शतरंज टूनामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को अगले चरण में पहुंचने के लिए उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ की जरूरत थी और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने ऐसा ही किया। उन्होंने अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ अंतिम-चार में प्रवेश किया। कारुआना ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को मात दी। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रूस के इयान नेपोमनियाचची ने विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला जिससे मैच टाई-ब्रेक में चला गया। अब दोनों खिलाड़ियों की किस्मत दांव पर लगी हुई है। वहीं नौंवे से 12वें स्थान के मुकाबले के लिए विश्व चैंपियन डी गुकेश और विदित गुजराती ने अपनी बाजियां ड्रॉ कराईं।

## अल्काराज मोंटे कार्लो मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में, रूड-फोकिना उलटफेर के शिकार



**नई दिल्ली ।** दूसरे वरीय कार्लोस अल्काराज ने बृहस्पतिवार को यहां क्वालीफायर डेनियल अल्टमेयर पर जीत दर्ज कर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूनार्मेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

तीसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज ने 10 ब्रेक प्वाइंट में से नौ बचाते हुए अल्टमेयर पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की।

स्पेन के इस खिलाड़ी का सामना अब शुक्रवार को आर्थर फिल्स से होगा जिन्होंने राउंड 16 में 2023 चैंपियन आंद्रे रूबलेव पर 6-2, 6-3 से फतह हासिल की।

गुरुवार को दो और वरीय खिलाड़ियों को उलटफेर का सामना करना पड़ा। चौथे वरीय कैस्पर रूड को एलेक्सेई पोपीरिन ने 6-4, 3-6, 7-5 से पराजित किया ।

## भारतीय क्रिकेट टीम में काशवी के चयन से नगरोटा सूरियां के लोग हुए गदगद



**हिमाचल ।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नगरोटा सूरियां की नातिन काश्वी गौतम के भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। काश्वी के टीम में चुने जाने की खबर मिलते ही उनके नाना केसी शर्मा के घर पर वीरवार सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। दरअसल, काश्वी गौतम का चयन आगामी त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में हुआ है, जिसका आयोजन 27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में भारतीय टीम मेजबान श्रीलंका के अलावा दक्षिण अफ्रीका से भी मुकाबला करेगी। वर्तमान में काश्वी चंडीगढ़ में यूटीसीए की ओर से खेलती हैं। यह पहली बार है जब हिमाचल प्रदेश के नगरोटा सूरियां की नातिन का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हुआ है, जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। काश्वी के चयन की आधिकारिक जानकारी मंगलवार को बीसीसीआई की ओर से यूसीटीए को दी गई थी।

काश्वी के नाना केसी शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि काश्वी को 2023 वुमन प्रीमियर लीग में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। प्रतिष्ठित लीग में काश्वी ने गुजरात जायंट्स का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया था और 9 मैचों में 11 विकेट हासिल किए थे।

## सुरूचि-सौरभ की जोड़ी को निशानेबाजी विश्व कप में कांस्य, मनु-रविंदर की जोड़ी को दी शिकस्त



**नई दिल्ली ।** भारत की स्टार शूटर सुरुचि सिंह ने यहां चल रहे शूटिंग वर्ल्ड कप में अपना दूसरा पदक जीता है। उन्होंने एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन सौरभ चौधरी के साथ मिलकर मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता है। सौरभ ने दो साल बाद करत्रऋपदक जीता। इस जोड़ी ने कांस्य पदक के मुकाबले में अपने साथियों मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराया।

इस मुकाबले में दोनों ओर से दो ओलंपियन थे, और सौरभ चारों प्रतियोगियों में सबसे शानदार निशानेबाज बनकर उभरे। उन्होंने 12वीं सीरीज में 10.7 का स्कोर करके टीम को जीत दिलाने में मदद की।

इससे पहले, भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन राउंड में तीसरे और चौथे स्थान पर रही, जबकि पहले दो स्थान चीनी जोड़ी ने हासिल किए थे। सुरुचि और सौरभ ने 581 अंक हासिल किए, जबकि मनु भाकर और रविंदर ने 579 अंक हासिल किए।

भारत वर्तमान में आईएसएसएफ विश्व कप पदक तालिका में 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक सहित 8 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन 11 पदकों के साथ शीर्ष पर है, जिसमें 5 स्वर्ण पदक, 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। यूएसए तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया, हंगरी और चीनी ताइपे ने अब तक प्रतियोगिता में 2-2 पदक जीते हैं। सुरुचि के लिए यह प्रतियोगिता में दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने शीर्ष चीनी निशानेबाजों की तिकड़ी को हराकर भारत के लिए स्वर्ण पदकों का खाता खोला था। बता दें कि, इससे पहले प्रतियोगिता में भारतीय शूटर विजयवीर सिद्धू भी 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

## तालिका में शीर्ष पर पकड़ मजबूत करने उतरेगा गुजरात, पूरन के सामने होगी सिराज की चुनौती



**नई दिल्ली ।** अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस का सामना अब शनिवार को ऋषभ पंत की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। दोनों ही टीमों ने अपने पिछले मुकाबले जीते हैं और वे अपनी लय बरकरार रखना चाहेंगी। गुजरात की टीम लगातार चार मैच जीतकर तालिका में फिलहाल शीर्ष पर है। गुजरात और लखनऊ के बीच मैच के दौरान शानदार फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच मुकाबले देखने मिलेगा।

### लखनऊ की बल्लेबाजी मजबूत

लखनऊ की टीम ने बल्लेबाजी में अपना दिखाया है और उसके लिए गेंदबाजी चिंता का विषय है। लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी, शार्दुल ठाकुर और आवेश खान ने मोर्चा संभाला है, जबकि रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। इस बात की संभावना कम है कि लखनऊ की टीम गुजरात के खिलाफ प्लेइंग-11 में किसी तरह का बदलाव करेगी। बल्लेबाजी में निकोलस पूरन, मिचेल मार्श और एडेन मार्करम अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। पूरन फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक्स फैक्टर साबित हो रहे हैं केएल राहुल, तीन मैचों में लगाए हैं दो अर्धशतक

गुजरात की बात करें तो टीम पांच मैचों में चार जीत के साथ आठ अंक लेकर शीर्ष पर है। प्लेइंग-11 में तीन विदेशी खिलाड़ी को रखने के बावजूद गुजरात ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात ने पिछले मैच में वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया था और उन्होंने 49 रन बनाए थे। अब देखना दिलचस्प होगा कि गुजरात की टीम उन्हें आगे भी प्लेइंग-11 में बरकरार रखती है या नहीं।

### पूरन पड़ेंगे भारी या सिराज का चलेगा सिक्का

लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं, लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्हें सिराज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

## आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज कप्तान बने महेंद्र सिंह धोनी, इतने दिन बाद टॉस के लिए मैदान पर आए



**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं। धोनी ऋतुराज गायकवाड़ की जगह आईपीएल 2025 के शेष सत्र में सीएसके की कमान संभालेंगे। गायकवाड़ चोट के कारण बाहर हो गए हैं। सीएसके और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शुक्रवार को मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में धोनी कप्तानी कर रहे हैं। केकेआर ने जीता टॉस सीएसके के खिलाफ केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। केकेआर ने मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है और स्पेंसर जॉनसन की जगह मोईन अली की वापसी हुई है। सीएसके ने इस मैच के लिए दो बदलाव किए हैं। गायकवाड़ की जगह राहुल त्रिपाठी और मुकेश चौधरी की जगह अंशुल कंबोज को मौका मिला है।

### दर्शकों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

धोनी कप्तान के तौर पर 683 दिन बाद टॉस के लिए आए। धोनी के टॉस के लिए उतरते ही चेपॉक पर दर्शकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। कमेंटेटर के तौर पर खड़े रवि शास्त्री ने धोनी से कहा कि आज आखिरकार हमें आपसे बात करने का मौका मिला। इस तरह धोनी 43 साल 278 दिन की उम्र में कप्तानी करने वाले आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए।

### कप्तान के तौर पर धोनी का आईपीएल में रिकॉर्ड

धोनी का आईपीएल में कप्तान के तौर पर रिकॉर्ड शानदार है। सीएसके ने उन्हीं की अगुआई में पांच बार खिताब जीता है। धोनी ने इस मैच से पहले 226 मुकाबलों में आईपीएल में कप्तानी की है जिसमें से 133 मैच टीम ने जीते हैं, जबकि 91 मुकाबलों में हार मिली है। धोनी का आईपीएल में कप्तान के तौर पर जीत का प्रतिशत 59.3 है। धोनी ने पिछले सीजन से ठीक पहले सीएसके की कप्तानी छोड़ दी थी जिसके बाद ऋतुराज को कप्तान बनाया गया था।

## आरसीबी के खिलाफ शतक से चूके केएल राहुल, पर बनाए कई रिकॉर्ड्स, सफल रन चेज में उनके आंकड़े चौंकाने वाले



**आईपीएल 2025 में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स ने विजयी अभियान जारी रखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। दिल्ली की लगातार चौथी जीत में केएल राहुल ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 53 गेंद में सात चौके और छह छक्के की मदद से 93 रन की नाबाद पारी खेली**

**नई दिल्ली ।** राहुल पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से जो उनका रनों का दौर शुरू हुआ, वह अभी तक जारी है। चैंपियंस ट्रॉफी में भी राहुल ने मैच फिनिशर का किरदार अच्छी तरह से निभाया था। अब वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी वही काम कर रहे हैं। कप्तानी का दबाव हटने और नई टीम से जुड़ने का उनका फैसला काम कर रहा है। सफल रन चेज में उनके आंकड़े भी शानदार हैं। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 163 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली ने तीसरे ओवर में एक वक्त 10 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। तब राहुल बल्लेबाजी के लिए आए। हालांकि, इसके बाद अभिषेक पोरेल और कप्तान अक्षर पटेल भी सस्ते में निपट गए। दिल्ली ने 58 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद राहुल ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर शुरू में तो संभल कर बल्लेबाजी की और स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया। एक बार जब उनकी आंखें जम गईं, उसके बाद उन्होंने खुलकर शॉट्स खेले। 14 ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर चार विकेट पर 99 रन था।

### पुरानी टीम लखनऊ को दिया करार जवाब

इसके बाद राहुल ने सीधा पांचवां गियर लगाया। 15वें ओवर में उन्होंने 22 रन बटोरे। उन्हें खुलकर शॉट्स खेलता देख स्टब्स ने भी हिट लगाना शुरू किया। 16वें ओवर में 13 रन और 17वें ओवर में 12 रन बने। इससे दिल्ली का स्कोर चार विकेट पर 146 रन हो गया। 18वें ओवर में राहुल ने मैच फिनिश कर दिया। उन्होंने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। इसके बाद उन्होंने बल्ले को जमीन पर गाड़कर सेलिब्रेट किया। दरअसल, बेंगलुरु उनका गृहनगर है और होमग्राउंड पर इस तरह की पारी के बाद उन्होंने अपनी पुरानी टीम लखनऊ को करारा जवाब दिया।

## सीएसके की सधी शुरूआत तीन ओवर बाद स्कोर 16/0



**नई दिल्ली ।** केकेआर के खिलाफ सीएसके की बल्लेबाजी शुरू हो गई है। सीएसके की ओर से रचिन रवींद्र के साथ डेवोन कॉनवे आए हैं। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।

कोलकाता नाइट राइडर्सः क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोईन अली, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती। इम्पैक्ट प्लेयरः अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पोवेल, लवनिथ सिसोजिया, अनुकूल रॉय। चेन्नई सुपर किंग्सः रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, शिवम दुबे, महेंद्र सिंह धोनी (विकेटकीपर और कप्तान), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, अंशुल कंबोज, खलील अहमद। इम्पैक्ट प्लेयरः मथीशा पथिराना, जैमी ओवरटन, दीपक हुड्डा, शेख रशीद, कमलेश नगरकोटी।

# खोड़ा में 8 साल पुराना डंपिंग ग्राउंड बना खेल का मैदान

## खाली प्लॉट को खेल के मैदान में बदलकर नगरपालिका ने पेश की नई मिसाल : मोहिनी शर्मा



उदयवीर सिंह







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मकनपुर नगर पालिका क्षेत्र प्रेम विहार स्थित 8 साल पुराना डंपिंग ग्राउंड आज खेल का मैदान बना दिया गया है। कूड़ा हटाए जाने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। खोड़ा के साथ इंदिरापुरम के लोगों को भी बदबू से निजात मिलेगी। कूड़े की समस्या से जूझ रहे खोड़ा के लाखों लोगों के साथ इंदिरापुरम के लोग भी परेशान थे। नगर पालिका के पास जगह न होने और कूड़ा निस्तारण की योजना के अभाव में यहां कूड़ा डाला जा रहा था। इस कूड़े के कारण आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल रही थी। आए दिन कूड़े में आग लगा दी जाती थी, जिससे प्रदूषण भी बढ़ रहा था। बीते दिनों भी इंदिरापुरम की दर्जनों सोसाइटी के लोगों ने उग्र प्रदर्शन भी किया था। नगर पालिका का निडोरी गांव में कूड़ा निस्तारण के लिए प्लांट बनाया जा रहा है। हालांकि कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसीलिए कूड़ा हटाने के लिए निजी कंपनी को ठेका दिया गया है।

**कूड़े की समस्या से जूझ रहे खोड़ा के लाखों लोगों के साथ इंदिरापुरम के लोग भी परेशान थे। नगर पालिका के पास जगह न होने और कूड़ा निस्तारण की योजना के अभाव में यहां कूड़ा डाला जा रहा था।**



### नगरपालिका ने कराया क्रिकेट मैच, तीन दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया



**करंट क्राइम।** खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने बताया कि 8 साल की दुर्गंध खत्म कर खाली प्लॉट को खेल के मैदान में बदलकर नगरपालिका ने नई मिसाल पेश की है। 8 साल से खोड़ा इलाके की घनी आबादी के पास खाली प्लॉट में बने कूड़े के डंप के मामले में जब इलाके के सैकड़ों शिकायतों के बावजूद नगरपालिका के अधिकारियों के द्वारा ढाई लाख टन कूड़ा निस्तारण किया गया है। चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने बताया कि जब से खेल का मैदान बनाया गया है वहां पर नगरपालिका ने भी क्रिकेट मैच कराया है। और नगर पालिका द्वारा तीन दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया था। यह वही स्थान है जहां पर कूड़े के ढेर लगे हुए थे। यहां से लोगों का निकलना भी मुश्किल होता है। अब वहां लोग खेलने के लिए उत्साहित रहते हैं। आने वाले समय में पौधारोपण भी किया जाएगा।

# साहिबाबाद पाइप मार्केट के व्यापारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात

## व्यापारी बोले, सुस्त निर्माण कार्यों को दी जाए रफ्तार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर साहिबाबाद से पाइप मार्केट की व्यापारियों द्वारा नगर आयुक्त से मुलाकात की गई जिसमें अपने इंडस्ट्रियल एरिया में निर्माण कार्यों की मांग को लेकर चर्चा हुई नगर आयुक्त द्वारा सभी से बातचीत करते हुए क्षेत्र का हाल जाना तथा निर्माण कार्यों को रफ्तार से करने के निर्देश दिए गए जिसके लिए मौके पर सर्वे करने के लिए कहा गया। व्यापारियों ने 3 किलोमीटर लंबी सड़क को बनाने के लिए कहा गया जिसको नगर आयुक्त द्वारा धन उपलब्धता पर प्राथमिकता पर बनाई जाए संबंधित निर्माण विभाग अधिकारी को निर्देश दिए, इसके अलावा लाइटों की व्यवस्था को लेकर भी टीम को अविलंब कार्यवाही के लिए कहा गया।

गाजियाबाद नगर निगम जनहित में त्वरित कार्यवाही की ओर अग्रसर हो रहा है जिसके क्रम में साहिबाबाद पाइप मार्केट से आए हुए व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराया गया जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह को लगातार व्यापारियों के साथ बने रहने तथा उनकी समस्याओं के समाधान पर अविलंब कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

### जब नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए तत्काल कार्यवाही के निर्देश, व्यापारियों ने बोला थैंक यू सर

व्यापारियों ने अपने क्षेत्र की समस्या नगर आयुक्त के समक्ष रखी जिस पर तत्काल कार्यवाही के आदेश नगर आयुक्त द्वारा दिए गए। मौके पर निर्माण विभाग द्वारा टीम भेजी गई तथा सर्वे कराया गया सड़क तथा नालियों के निर्माण के साथ-साथ प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के लिए भी टीम को कहा गया अविलंब कार्यवाही करने पर व्यापारियों ने नगर आयुक्त को थैंक यू बोला। उपस्थित जनों ने निर्माण विभाग स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए अपनी-अपनी समस्याएं बताई।

# चोरी की बाइक से वारदात करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, तमंचे-कारतूस बरामद



**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर में पुलिस ने राह चलते लोगों से लूटपाट करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की बाइक, दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच के अनुसार, देर रात पुलिस को सूचना मिली कि दो बदमाश वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस ने तुरंत पाइपलाइन मार्ग सहित कई इलाकों में वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। नवीपुर पुलिया के पास बाइक सवार दो युवक दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रोककर बाइक के कागजात मांगे तो वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपनी पहचान ईदगाह कॉलोनी निवासी आसिफ और पीर मोहल्ला रावली रोड निवासी वसीम के रूप में बताई। दोनों ने स्वीकार किया कि पहले वे बाइक चोरी करते थे और फिर उसी बाइक का इस्तेमाल राहगीरों से लूटपाट में करते थे।

# अकबरपुर बहरामपुर तथा डूंडाहेड़ा के आक्रोशित लोगों को नगर आयुक्त ने समझाया

## संपूर्ण जांच के बाद ही क्रय करें जमीन या मकान : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर विजयनगर क्षेत्र अकबरपुर बहरामपुर तथा डूंडाहेड़ा के निवासियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की जिसमें अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर चर्चा की गई। नगर आयुक्त द्वारा संबंधित संपत्ति विभाग के अधिकारियों तथा अकबरपुर बहरामपुर व डूंडाहेड़ा के निवासियों से संपूर्ण जानकारी ली गई तथा नियम को समझाते हुए आक्रोशित जनता को शांत कराया अधिकारियों को नियम अनुसार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए उपस्थित क्षेत्र वासियों द्वारा नगर आयुक्त की त्वरित कार्यवाही पर धन्यवाद किया गया मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह व टीम उपस्थित रही। अकबरपुर बहरामपुर के खसरा नंबर 164 पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्यवाही की गई जो की मिलवा जुल्वानंबर है जिसमें निगम की जमीन भी शामिल है इसी विषय को स्पष्ट करते हुए नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सक्षम न्यायालय से कार्यवाही की जाएगी तदुपरांत अंतिम निर्णय होगा तब तक किसी भी प्लॉट पर निर्माण कार्य न किया जाए आदेशित किया गया। उपस्थित अकबरपुर बहरामपुर निवासियों ने निर्णय को मानते हुए गाजियाबाद नगर आयुक्त का धन्यवाद किया इसी क्रम में खसरा नंबर 121 तथा 123 जो की डूंडाहेड़ा का है जिस पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई जिसमें निगम की भूमि की जांच करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम को तहसील की टीम के साथ संयुक्त पैमाइश करने के निर्देश दिए तदोपरांत कार्यवाही पुनः करने के लिए कहा गया, जिस पर उपस्थित डूंडाहेड़ा के निवासियों ने सहमति दिखाते हुए संयुक्त पैमाइश की अपील की गई।

### अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही जारी रखने के दिये निर्देश

नगर आयुक्त द्वारा जहां अधिकारियों को नियम अनुसार कार्यवाही अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जारी रखने के निर्देश दिए हैं वही शहर वासियों से जमीन खरीदने से पहले संपूर्ण जानकारी करने के लिए अपील की गई है किसी प्रकार की सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा साथ ही अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार विभाग कार्यवाही करेगा जिनके द्वारा अवैध रूप से सरकारी भूमि बेचने का कार्य किया जा रहा है उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही होगी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया।

## वाहन चोर चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार



**लोनी करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने बेटी पढाओ बेटी बचाव चौक के पास चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर चोरी की बाइक साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सलौनी अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी कि इस दौरान एक बाइक सवार आया पुलिस ने उसे चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगा पुलिस ने सर्तकता निभाते हुए बाइक सवार को धर दबोचा। पूछतांछ में बाइक चोरी की निकली और शातिर वाहन चोर निकला चोर ने अपना नाम अफजल पुत्र इकवाल निवासी लक्ष्मण गार्डन गरिमा गार्डन टीला मोड़ बताया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चोर को जेल भेज दिया है।




# दो दिन रहेना होगा बेहद अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में अगले दो दिनों तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों से लेकर एसीपी और थाना प्रभारियों को बेहद अलर्ट मोड पर रहना होगा।




दरअसल शनिवार और रविवार को कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बड़ी संख्या में भगवान बजरंगबली के जन्मोत्सव को लेकर शोभा यात्राएं हैं। तो जुलूस भी हैं। तो कई तरीके के धार्मिक और सामाजिक आयोजन भी हैं। तो वही देहात वाले जोन में एक ऐसा बड़ा आयोजन हो रहा है। जिसको लेकर पुलिस-प्रशासन के साथ ही दिल्ली से लेकर प्रदेश वालों की नजरें रहने वाली हैं। बताया जा रहा है कि देहात जोन में 13 तारीख को भव्य और विशाल यात्रा निकाली जानी है। उसमें हिंदुत्व वालों से लेकर भगवा दल वाले पूरी ताकत लगा रहे हैं और बताया जा रहा है की यात्रा कई किलोमीटर लंबी होगी और हजारों की संख्या में हनुमान भक्त भी उसमें शामिल होंगे। तो वहीं शहर के बेहद प्राचीन मंदिर में शनिवार को कार्यक्रम है और इसके साथ ही शहर भर में 50 से ज्यादा स्थानों पर भंडारे और अन्य आयोजन भी भगवान हनुमान की जयंती को लेकर आयोजित होने हैं। किसी भी समारोह में अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी या कोई अवस्था फैली तो उसका संदेश अलग जाएगा। साथ ही लापरवाही या बड़ा नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों जोन के साहब लोगों से लेकर एसीपी स्तर और थाना प्रभारियों से लेकर चौकी वाले और बीट वाले इस पूरे आयोजनों को सफलतापूर्वक करने और शांतिपूर्वक व्यवस्था संपन्न कराने के लिए खुद भी प्रार्थना कर रहे हैं। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से देहात वाले जोन में पहले एक शोभा यात्रा को लेकर अभी तक मामला शांत नहीं हुआ है, तो ऐसा वहां दोबारा कुछ ना हो। इसको लेकर भी बेहद अलर्टनेस बरती जाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि सिटी वालों से लेकर नदिया पार वाले भी बेहद अलर्ट रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को नदिया पार इलाके में देशभर के 21 प्रमुख सांसद भी एक खास कार्यक्रम में आ रहे हैं, जो सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शनिवार और रविवार का दिन बेहद खास रहने वाला है क्योंकि छोटी बड़ी हर घटना पर पुलिस से लेकर खुफिया वाले और भगवा दल वालों से लेकर हिंदुत्व वाले नजर रखने का काम करेंगे। हर छोटे संदेश से बड़े रिएक्शन मिल सकते हैं। इसको लेकर भी सभी ओर से तैयारी पूरी की गई हैं ताकि सब कुछ ऑल इज वेल वाली स्थिति पर समाप्त हो।

# पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं के संग किया जनसंपर्क, 'गांव चलो, वार्ड चलो अभियान' एवं पार्टी की नीतियों से जनता को कराया अवगत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर मयंक गोयल, मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के मार्गदर्शन में वसुंधरा वार्ड 61 सेक्टर 4ए में गाँव चलो वार्ड चलो अभियान के तहत पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कई बूथों में जनसंपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने 8 साल बेमिसाल के विषय में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान सभी बूथ अध्यक्षों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंदिर में सफाई कर चौपाल बैठक की और पार्टी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। लोगों से जनसंपर्क कर पत्रक वितरण कर लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष गंगा सागर, प्रदीप मिश्रा, आकाश चौधरी, मंडल मंत्री अजीत सिंह, एसपी सिंह, कमलेश भट, विनीत चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष चौधरी, प्रवेंद्र शर्मा, अंकित मिश्रा, अखिल रंजन ,विनोद, राहुल सिंह, डीएस नेगी, करमवीर सिंह, मनोज सिंह,भारत डॉर्बी, लक्ष्मण राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# चित्रगुप्त मंदिर का 9वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में चित्रगुप्त कल्याण समिति द्वारा चित्रगुप्त मंदिर के 9वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह भगवान का दुग्धाभिषेक कर श्रृंगार पूजन एवं आरती हवन कर सभी भक्तों ने भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त किया । चित्रगुप्त कल्याण समिति द्वारा शाम को बहुत ही व्यवस्थित और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे श्रद्धालु भक्ति के झूम उठे, और भजनों का आनंद लिया। समापन के समय मे भगवान चित्रगुप्त महाराज की आरती की गई के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया गया । चित्रगुप्त कल्याण समिति द्वारा अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। जिसमे महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पार्षद राहुल शर्मा, मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय हिन्दू महासभा अरुण त्रेहन उत्तराखंड समाज अध्यक्ष नरेश देवरानी, सुमन सती, निशा चौहान, अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश में योगी जी का सुशासन : राजा भैया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी राजा भैया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर शहर घर गांव में सुशासन ही नजर आ रहा है। योगी आदित्यनाथ ने अपनी कुशल नीति और सूझ-बूझ से उत्तर प्रदेश से भ्रष्टाचार दूर किया है। गुंडाराज को खुलेआम चुनौती देकर गुंडाराज दूर किया है और विकास के नए संसाधन जुटाए हैं। आज उत्तर प्रदेश की जनता योगी सरकार में स्वयं को सुरक्षित और समर्थ महसूस कर रही है।

## ज्ञापन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजय नगर व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को दिया शराब के ठेके के विरोध में ज्ञापन। इस मौके पर संजय नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वार्ड 67 के पार्षद अजय शर्मा, बबलू सिंह, रमेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क पार करते हुए हुई महिला की मौत, कब्जे में ली गई कार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को सुबह सड़क हादसे में हुई महिला की मौत,पुलिस का कहना है कि महिला को सड़क पार करते हुए कार ने कुचला है। जिसमें परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला का शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने गाड़ी की पहचान कर ली है। जिसमें बताया जा रहा है एक्सीडेंट करके एक आरोपी मौके से पैदल ही भागा है। लिंक रोड क्षेत्र की है घटना गाजियाबाद के लिंक निवासी सरला सिंह (44 साल) सुबह 3 बजे लिंक रोड पर मौत हो गई। जहां उनके चेहरे पर ब्लड लगा हुआ मिला। सिर में भी गंभीर चोट लगी। जिसके बाद लिंक रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल में महिला को मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। लिंक रोड थाना पुलिस का कहना है कि व्हाइट कलर की गाड़ी को कब्जे में लिया गया है। इसी गाड़ी से एक्सीडेंट होना बताया जा रहा है। जिसमें हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। यह एक्सीडेंट का ही मामला है।



# राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने किया चौधरी निरपाल सिंह का स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ चौधरी निरपाल सिंह राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान के आवास पर पहुंचे। राष्ट्रीय लोकदल के सीनियर पदाधिकारी के साथ मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर सभी मुद्दों पर चर्चा की गई चौधरी निरपाल ने चर्चा के दौरान मुख्य रूप से इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह, प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान, विजय कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ ऑडी त्यागी प्रदेश सचिव से उन्होंने वार्ता की। चर्चा के दौरान निरपाल ने बताया केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह कल दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक दल के केंद्रीय कार्यालय पर खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निरपाल ने लोकदल के उपस्थित सभी नेताओं से कहा की जो समाज में वक्फव बोर्ड के बिल लेकर निराधार भ्रम फैलाया जा रहा है हम सबको वास्तविकता स्थिति की जानकारी बतानी चाहिए कि बिल आने से अभी हमारे मुस्लिम भाइयों का कोई नुकसान होने वाला नहीं है।

रविंद्र चौहान के निवास स्थान पर उपस्थित मुख्य लोगों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू, विजय कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ ऑडी त्यागी, प्रदेश सचिव संजीव अरोड़ा एवं युवा नेता दिनेश शर्मा एवं राजीव मुंडेलवाल उपस्थित रहे।

# इंजीनियर ने होटल के पंखे से फंदा लगाकर किया सुसाइड

## महिला मित्र के साथ आया था होटल, दो साल से लिव इन में थे दोनों



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-27 स्थित एक होटल में रुके इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वो होटल में अपनी प्रेमिका के साथ आया था। यहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में परिवार की ओर से अभी शिकायत नहीं दी गई है। मृतक की पहचान उमेश पुत्र पंकज निवासी हाथरस के रूप में हुई है।

होटल संचालक की माने तो दोनों अपनी सहमति से यहां आए थे। होटल के कमरे में दोनों ने खाना खाया। किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद हो गया। इसी बीच महिला मित्र बाथरूम में शावर लेने चली गई। इसी बीच उमेश ने होटल के कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस को जानकारी शुक्रवार को मिली। फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया सुसाइड की जानकारी मिलते ही स्टाफ कर्मचारी की मदद से महिला मित्र ने उमेश को फंदे से उतारा और सेक्टर-20 के विनायक अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस महिला मित्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उमेश पेशे से इंजीनियर था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दो साल से लिव इन में थे दोनों पुलिस ने बताया कि महिला मित्र ने बताया कि वो दोनों दो साल से लिव इन में थे। और प्यार करते थे। किस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ इसकी जानकारी की जा रही है। इस दौरान उमेश का मोबाइल भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही होटल का कमरे को सील किया गया है। ताकि साक्ष्यों को एकत्रित किया जा सके।

# इमरान खान सरकार के साथ संवाद पर सहमत, बंदूक की नोक पर मजबूर नहीं कर सकते : पीटीआई नेता



**पेशावर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुखिया और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर उनकी पार्टी के नेता बड़ा दावा किया है। पीटीआई नेता जुनैद अकबर ने कहा कि- इमरान खान सरकार से बातचीत करने के लिए सहमत हैं, लेकिन उन्हें बंदूक के दम पर मजबूर नहीं किया जा सकता है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान सरकार या किसी भी संस्था के साथ सुलह वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें बंदूक के दम पर मजबूर नहीं किया जा सकता हैं। यह दावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के एक वरिष्ठ नेता ने किया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की इकाई के अध्यक्ष जुनैद अकबर की यह टिप्पणी गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान आई। इमरान खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और अप्रैल 2022 में उनकी सरकार गिराए जाने के बाद उन पर कई मामले दर्ज किए गए हैं।

## संविधान और कानून के लिए किसी से भी करेंगे बातचीत

उन्होंने कहा कि इमरान खान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह संविधान और कानून की सर्वोच्चता के लिए किसी से भी बात करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें बंदूक की नोक पर मजबूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, 'हमारे दरवाजे खुले हैं, लेकिन अगर कोई सोचता है कि इमरान खान साहब और हमारे कार्यकताओं को जेल में रखकर और हमारे खिलाफ एफआईआर दर्ज करके वे अपनी इच्छा हम पर थोप सकते हैं, तो वे गलत हैं।'

## 'सभी कानून की सीमा के भीतर रहकर करें काम'

जुनैद अकबर ने इस बात पर भी जोर दिया कि संस्थाओं को अपनी कानूनी रूप से परिभाषित सीमाओं के भीतर काम करना चाहिए और राजनीतिक दलों को भी ऐसा ही करना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'हम संविधान और कानून को बनाए रखने के लिए तैयार हैं और सरकार या संस्थाएं किसी से भी बातचीत करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, 'हालांकि हमें कुछ संस्थानों के प्रमुखों से शिकायत हो सकती है, फिर भी हम इन संस्थानों का सम्मान करते हैं क्योंकि ये हमारे हैं।'

## 'इमरान खान के मौलिक अधिकारों को नकारा जा रहा है'

पीटीआई नेता ने कहा कि संस्थान और सत्तारूढ़ सरकार दोनों ने लगातार कोशिश की है और कुछ हद तक ऐसी परिस्थितियां बनाने में सफल भी हुए हैं जहां इमरान खान के मौलिक अधिकारों को नकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे जेल मैनुअल की अनुमति से ज्यादा की मांग नहीं कर रहे हैं। अकबर ने कहा कि उन्होंने बार-बार इमरान खान से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें 3-4 घंटे तक इंतजार करना पड़ा और बाद में मिलने से मना कर दिया गया।

## इमरान खान की रिहाई के लिए विरोध प्रदर्शन

इस पर उन्होंने कहा: 'यह सिर्फ इमरान खान साहब का मुद्दा नहीं है; यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। संस्थानों और जनता के बीच की खाई काफी बढ़ गई है...हम बार-बार जनता द्वारा समर्थित मजबूत संस्थानों की जरूरत पर जोर देते हैं।' अकबर ने चेतावनी दी कि सबसे खतरनाक स्थिति तब होगी जब जनता बिना नेतृत्व के सड़कों पर उतरेगी, तब किसी को भी विरोध करने का मौका नहीं मिलेगा।

# लंदन छोड़कर दूसरे देशों में बस रहे यूके के अरबपति लोग



**लंदन।** ज्यादातर विकासशील देशों के लोगों का सपना होता कि जिंदगी में एक बार लंदन देख लें। कई लोगों की ख्वाहिश लंदन में बसने की होती है। जो अमीर हैं, वो इस ख्वाब को पूरा भी कर लेते हैं। लेकिन लंदन के अमीर लोग खुद यहां रहना नहीं चाहते। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि लंदन के मिलियनेयर अपना देश छोड़कर जा रहे हैं। लंदन के अमीरों ने देश छोड़ने के मामले में मॉस्को को भी पीछे छोड़ दिया है। यही वजह है कि दुनिया के टॉप 5 सबसे अमीर शहरों की लिस्ट से लंदन का नाम बाहर हो गया है।

## स्टडी में चौंकाने वाले खुलासे

दरअसल न्यू वर्ल्ड हेल्थ और एडवाइजरी फर्म हेनली एंड पार्टनर्स ने हाल ही में एक स्टडी की है। इसके मुताबिक, दुनिया में सबसे अधिक सुपर रिच लोगों का पलायन लंदन से ही हो रहा है। केवल 2024 की ही बात करें, तो 10 लाख डॉलर से अधिक संपत्ति वाले करीब 11,300 मिलियनेयर ने लंदन छोड़ दिया।

जहां 2023 में लंदन में 227,000 मिलियनेयर थे, वहीं अब केवल 215,700 रह गए हैं। दुनिया के टॉप 50 अमीर शहरों में लंदन छठे स्थान पर खिसक गया है। लंदन के अलावा रूस की राजधानी मॉस्को की रैंकिंग में भी गिरावट आई है।

कहां जा रहे लंदन के अरबपति लंदन में रहने वाले लोगों के लिए ज्यादा टैक्स एक बड़ी समस्या है। जाहिर है कि पलायन करने वाले लोग टैक्स में भी रियायत चाहते होंगे। लंदन से जाने वाले अमीर दुबई, पेरिस, जेनेवा, फ्रैंकपर्ट और एम्सटर्डम जैसे देशों में जाकर बस रह हैं, जहां टैक्स बेहद कम है। एक जमाने में लंदन का स्टॉक एक्सचेंज दुनिया का सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था। लेकिन अब यह 11वें स्थान पर है। लंदन में कैपिटल गेन टैक्स और एस्टेट ड्यूटी दुनिया में सबसे अधिक है। पाउंड की कीमत भी लगातार गिर रही है।

# हवा में दो टुकड़ों में बंटा हेलिकॉप्टर

## अमेरिका में हादसा, सीमेंस कंपनी के सीईओ पत्नी और तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक हेलिकॉप्टर हडसन नदी में क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में बैठे सभी 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस के उएड ऑगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैंपरुबी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 4, 5 और 11 साल थी। ये परिवार स्पेन का रहने वाला था। उनके साथ हेलिकॉप्टर का 36 साल का पायलट भी मारा गया। पायलट के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। न्यूयॉर्क सिटी के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे से ठीक पहले बेल 206 एयरक्राफ्ट दो टुकड़ों में टूट गया था। उसकी टेल और रोटर ब्लेड बॉडी से अलग हो गए थे।



इमरजेंसी क्रू ने नदी से सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। उनमें से चार को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ा। स्थानीय समय के मुताबिक, दोपहर 3 बजे हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी और हडसन नदी के ऊपर से गुजरा। जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज पहुंचने के बाद हेलिकॉप्टर नीचे की तरफ गिरने लगा और 3.15 बजे लोवर मैनहैटन इलाके में हडसन नदी में क्रैश हो गया। इस हादसे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। इनमें देखा जा सकता है कि क्रैश से पहले विमान की टेल और रोटर अलग हो गए। इसके बाद हेलिकॉप्टर हवा में लहराते हुए नदी में गिर जाता है। कनाडा की कंपनी बनाती है बेल 206 हेलिकॉप्टर बेल 206 ट्विन ब्लेड वाले हेलिकॉप्टरों की सीरीज है, जो सिंगल इंजन और ट्विन इंजन दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। इसे बेल हेलिकॉप्टर कंपनी कनाडा के क्यूबेक के मिराबेल में बनाती है। बेल 206छ मॉडल में छह लोगों के बैठने की क्षमता होती है। यह हेलिकॉप्टर आग बुझाने और प्रबंधन से जुड़े कई कार्यों के लिए भी इस्तेमाल होता है।

# यून सुक येओल ने छोड़ा राष्ट्रपति निवास

## निजी घर के लिए रवाना होते हुए समर्थकों को लगाया गले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने राष्ट्रपति आवास खाली कर दिया। वह अपने निजी आवास जाते समय अपने समर्थकों से गले और उनसे हाथ मिलाया। राष्ट्रपति आवास खाली करते समय यून के साथ उनकी पत्नी, 11 कुत्ते और बिल्लियां थीं। दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति निवास छोड़ दिया। वह अपनी पत्नी किम कीन ही, 11 कुत्तों और बिल्लियों के साथ समृद्ध दक्षिणी सियोल स्थित अपने निजी निवास लौट गए। वह राष्ट्रपति निवास से काली वैन में सवार होकर निकले। जैसे ही वैन गेट पर पहुंची, उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान यून ने मुस्कुराते हुए समर्थकों की ओर हाथ हिलाया, हाथ मिलाया और गले मिले। फिर गाड़ी



में सवार होकर वहां से निकल गए। यून सुक येओल के आगमन से पहले, उनके दर्जनों समर्थक और आलोचक भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उनके निजी आवास के पास एकत्र हुए। यून के समर्थकों के हाथों में 'महामहिम यून, हम आपकी भावना के साथ आगे बढ़ेंगे' के नारे लिखे बैनर थे, जबकि उनके आलोचकों के हाथ में 'यून सुक योल को मृत्युदंड दो!' के नारे लिखे बैनर थे।

## विधायी गतिविधियों को निलंबित करने की भी घोषणा की

इस दौरान यून सुक ने विधायी गतिविधियों को निलंबित करने की भी घोषणा की। यून ने नेशलन असेंबली को घेरने के लिए सैकड़ों सैनिकों को भेजा, लेकिन सांसद कोरम बनाने में कामयाब रहे। मार्शल लॉ लागू होने के कुछ ही घंटों बाद यून को हटाने के लिए मतदान किया।

## 14 दिसंबर को यून पर लगाया गया महाभियोग

14 दिसंबर को असेंबली ने यून पर महाभियोग लगाया और उनकी शक्तियों को निलंबित कर दिया। सांविधानिक न्यायालय ने महाभियोग को बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सांविधानिक न्यायालय ने औपचारिक रूप से यून को राष्ट्रपति पद से हटा दिया। इसके बाद सरकार ने तीन जून को राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की।

## जनवरी में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने यून को हिरासत में लिया

बता दें कि एक सप्ताह पहले सांविधानिक न्यायालय ने दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून सुक को राष्ट्रपति पद से हटा दिया था। जनवरी में हन्नाम-डोंग जिले में स्थित राष्ट्रपति परिसर को कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घेर लिया था और यून को हिरासत में लिया था। विद्रोह के आरोपों में आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे यून सुक की सियोल की अदालत ने गिरफ्तारी रद्द कर दी थी, जिसके बाद मार्च में उन्हें हिरासत से रिहा कर दिया गया था।

## यून ने तीन दिसंबर की देर रात मार्शल लॉ की घोषणा की

यून सुक येओल ने 2022 के चुनाव में मामलू अंतर से जीत हासिल की थी। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने तीन दिसंबर को देर रात मार्शल लॉ की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने राज्य विरोधी उदारवादियों को खत्म करने की कसम खाई और उन पर अपने एजेंडे को बाधित करने के लिए अपने विधायी बहुमत का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की होगी जांच

## पहली बार ट्रंप की सेहत की जानकारी आएगी सामने



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वास्थ्य की शुक्रवार को जांच होगी। ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिकी इतिहास के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति के सेहत की जानकारी सामने आएगी। वार्षिक स्वास्थ्य जांच से पहले ट्रंप ने कहा कि मैंने पहले कभी इतना बेहतर महसूस नहीं किया, लेकिन फिर भी ये चीजें जरूर की जानी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सेहत को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है।

अब उनकी पारंपरिक स्वास्थ्य जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट से कुछ जानकारी मिलने की संभावना है। अफसरों ने बताया कि ट्रंप के स्वास्थ्य की जांच वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में होगी।

कुछ समय पहले टेक्सास के प्रतिनिधि रोनी जैक्सन ने मजाक में कहा था कि अगर ट्रंप स्वस्थ आहार लें तो 200 साल तक जीवित रह सकते हैं। पिछले साल अगस्त में ट्रंप ने कहा था कि वह बहुत खुशी से अपने मेडिकल रिकॉर्ड जारी करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया।

2021 में जब ट्रंप का वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था तो सामने आया था कि उनका स्वास्थ्य बेहतर था। सारे परीक्षण सामान्य थे। मगर ट्रंप ने अपना वजन कम कर लिया था। 2020 में कोरोना वायरस से पीड़ित होने के बाद ट्रंप का वाल्टर रीड में इलाज किया गया था। तब ट्रंप के चिकित्सक ने उनकी स्थिति बेहतर बताई थी। उनके ठीक होने के बाद पता लगा कि ट्रंप जितना बता रहे थे, उससे कहीं ज्यादा बीमार थे।

अब एक बार फिर उनके स्वास्थ्य जांच होने के बाद उनकी सेहत को लेकर कई बड़े दावे किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि उनकी जांच रिपोर्ट में सेहत को लेकर बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# मार्टिन लूथर किंग और कैनेडी हत्याकांड के दस्तावेज जल्द होंगे सार्वजनिक', तुलसी गबार्ड ने दी जानकारी



**वॉशिंगटन।** मार्टिन लूथर किंग जूनियर और सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी की हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज को लेकर अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि हम जल्द ही इन हत्याओं से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करने वाले है, जिससे लोगों को सच्चाई का पता चल सके। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर और सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी की 1968 में हुई हत्याओं से जुड़े गोपनीय दस्तावेज जल्द ही सार्वजनिक किए जा सकते हैं। यह जानकारी अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने दी है। उन्होंने बताया कि इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को स्कैन करने के लिए 100 से ज्यादा लोग दिन-रात काम कर रहे हैं।

## कैबिनेट बैठक में गबार्ड ने दी जानकारी

गबार्ड ने एक कैबिनेट बैठक में कहा कि ये दस्तावेज दशकों से बक्सों में बंद थे और इन्हें पहले कभी स्कैन नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि हम इन्हें जल्द ही जारी करने के लिए तैयार हो जाएंगे। बैठक में मौजूद स्वास्थ्य सचिव और रॉबर्ट एफ कैनेडी के बेटे, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने इस कदम का स्वागत किया और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसके लिए धन्यवाद दिया। हालांकि ट्रंप ने भी इस मामले में जोर देते हुए कहा कि हम सब कुछ सार्वजनिक करना चाहते हैं, क्योंकि दुनिया को सच्चाई जानने का हक है। बता दें कि ट्रंप ने जनवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने के साथ ही एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें हत्याओं से संबंधित सरकारी दस्तावेजों को जारी करने का आह्वान किया गया था।

## अन्य दस्तावेजों की भी हो रही जांच

गबार्ड ने बताया कि एक विशेष टास्क फोर्स भी बनाई गई है, जो यह तय करेगी कि क्या कोविड-19 की उत्पत्ति, ऑनलाइन भाषण पर नियंत्रण और हवाना सिंड्रोम जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से जुड़े दस्तावेज भी सार्वजनिक किए जाएं। इसको लेकर गबार्ड ने बताया कि एफबीआई, सीआईए और अन्य एजेंसियों के गोपनीय दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है, ताकि और जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर की 4 अप्रैल 1968 को टेनेसी के मेम्फिस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं, रॉबर्ट एफ कैनेडी की हत्या 5 जून 1968 को लॉस एंजेल्स में उस वक्त की गई।

# वायु सेना के आरक्षित सैनिकों निकालेगी इस्राइली सेना

## पत्र पर हस्ताक्षर कर गाजा युद्ध की की थी आलोचना



**तेल अवीव।** इस्राइली सेना ने वायु सेना के उन आरक्षित सैनिकों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है, जिन्होंने गाजा युद्ध की निंदा करने वाले पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। सेना ऐसे सैनिकों को नौकरी से निकालने का प्लान बना रही है। हालांकि, सेना ने यह नहीं बताया कि पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में कितने लोग शामिल हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पत्र पर लगभग 1,000 सैनिकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस्राइली सेना वायु सेना के उन आरक्षित सैनिकों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है, जिन्होंने गाजा युद्ध की आलोचना करने वाले एक पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इस पत्र में युद्ध को राजनीतिक फायदे के लिए लड़ने और बंधकों को वापस न लाने का आरोप लगाया था। वायु सेना के आरक्षित सैनिकों को निकालने के बारे में शुक्रवार को एक सेना अधिकारी ने जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक सेना अधिकारी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात आरक्षित सैनिकों सहित किसी भी व्यक्ति या निकाय के लिए लड़ाई में भाग लेने के साथ-साथ अपनी सैन्य स्थिति का फायदा उठाने की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने इसे कमांडरों और अधीनस्थों के बीच विश्वास का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि सेना ने यह तय किया है कि ऐसे कोई भी आरक्षित सैनिक, जो युद्ध की निंदा करने वाले पत्र पर हस्ताक्षर कर चुके हैं, वे अब सेवा में नहीं रह पाएंगे। हालांकि, सेना ने यह नहीं बताया कि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले कितने लोग थे।

## पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में लगभग 1000 सैनिक

पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में लगभग 1,000 वायु सेना के आरक्षित सैनिक और सेवानिवृत्त लोग शामिल हैं। इस पत्र को बृहस्पतिवार को इस्राइली मीडिया में प्रकाशित किया गया। पत्र में लड़ाई को समाप्त कर बंधकों की तत्काल वापसी की मांग की गई। हालांकि, पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले सैनिकों ने यह नहीं कहा कि वह सेवा जारी रखना बंद कर देंगे। लेकिन, पत्र पर हस्ताक्षर करने की घटना यह दशार्ती है कि अब 18 महीने से जारी संघर्ष के खिलाफ बोलने वालों की संख्या बढ़ने लगी है।

## हमास पर बंधकों को रिहा करने का दबाव बना रहा इस्राइल

यह पत्र ऐसे समय में आया है जब इस्राइल ने गाजा में अपने आक्रमण तेज कर दिए हैं। इस्राइल हमास पर बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव बना रहा है। इस्राइल ने गाजा में भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता रोक दी है। आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस्राइल ने फलस्तीनी क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित करने का संकल्प लिया है। बता दें कि हमास के पास अभी भी 59 लोग बंधक हैं, जिनमें से आधे से अधिक की मौत हो चुकी है।

## बंधकों-सैनिकों की जान जोखिम में डालना गैरजिम्मेदाराना : पोरन

गाजा युद्ध की निंदा करने वाले पत्र पर सैनिकों ने इस्राइली वायु सेना के सेवानिवृत्त पायलट गाइ पोरन के नेतृत्व में हस्ताक्षर किए। पोरन के अनुसार, बंधकों और सैनिकों के साथ ही कई और फलस्तीनियों की जान जोखिम में डालना इस्राइली नीति निमार्ताओं की ओर से पूरी तरह से अतार्किक और गैरजिम्मेदाराना है। उन्होंने इस बात की जानकारी होने से इनकार कर दिया कि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले किसी व्यक्ति को नौकरी से निकाला गया है या नहीं। हालांकि, उन्होंने बताया कि जब से पत्र प्रकाशित हुआ है, तब से इस पर दर्जनों और लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# शेख हसीना के करीबी 5 सैन्य अधिकारी नजरबंद

## बांग्लादेश छात्र आंदोलन के दौरान मदद का आरोप



**ढाका।** ढाका बांग्लादेश में छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर सेना के 5 अफसरों को नजरबंद किया गया। इनमें ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, ब्रिगेडियर जनरल इमरान, कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, इञ्ब्ब के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर मोहम्मद नोमान अल फारुक शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को सभी को ढाका कैंटोनमेंट में नजरबंद रखा गया है। इन पर छात्र आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी का आदेश देने के आरोप लगाए गए हैं। इन्हें ऐसे वक्त पर नजरबंद किया गया है जब आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से पांच दिन के रूस दौरे पर गए हुए हैं। अफसरों पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में आरोप लगाए हैं। जनरल हामिद पूर्व पीएम शेख हसीना के एडीसी भी थे। वहीं, भ्रष्टाचार केस में वारंट जारी बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल व 17 अन्य लोगों के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इन पर धोखाधड़ी के जरिए आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है।

## आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट

शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। दरअसल, उनके खिलाफ देशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था। लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई।

# डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

## प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के प्रति संवेदनशील : दीपक मीणा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासन की मंशा के अनुरूप समृद्ध व्यापार एवं सुखी व्यापारी की संकल्पना की अवधारणा के क्रियान्वयान हेतु दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने व्यापार बंधु की बैठक में जिले के व्यापारियों की समस्याओं का संज्ञान लिया। व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के प्रति संवेदनशील है तथा समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि व्यापारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं के निस्तारण में कोई कोताही न बरती जाए। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के लिए प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को व्यापार बंधु की निरंतर बैठक किये जाने के निर्देश दिये गये एवं जिलाधिकारी की ओर से आश्वस्त किया गया कि जिला गाजियाबाद में व्यापार को सुगम बनाने व व्यापारियों की समस्या का त्वरित समाधान करने हेतु प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास किया जायेगा। व्यापार बंधु की बैठक का संचालन राज्य कर विभाग के चन्द्र कांत भूषण, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर गाजियाबाद द्वारा किया गया। व्यापारी संगठनों द्वारा आज की बैठक में छोट-छोटे उद्योग लगाये जाने की प्रक्रिया को सुगमता से लागू करवाने, सिद्वार्थ विहार में आवास-विकास द्वारा आबंटित क्षेत्र में दुकानों की संख्या में वृद्धि होने के कारण उक्त क्षेत्र में सुलभ शौचालय व पेयजल के प्याऊ आदि लगवाने की व्यवस्था किये जाने, डासना गेट बाजार में पार्किंग की समस्या के निराकरण, नया गंज तिराहे पर रोड के ऊपर अस्थायी कूड़े के ढेर से बाजार की सड़क के अवरुद्ध होने आदि समस्याएं रखी गयी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए करंट क्राइम। उक्त बैठक के समापन में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि व्यापारियों द्वारा बैठक में उठायी गयी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुन कर निस्तारण कढ़ाई से करना सुनिश्चित करें। बैठक में जियाउद्दीन अहमद, ए०सी०पी० ट्रैफिक, गाजियाबाद, सुजाता सिंह (वि अनुण्शा०) रेंज-ए गाजियाबाद, चन्द्र कान्त भूषण, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर गाजियाबाद, व्यापारी नेता अशोक भारती, प्रीतमलाल, केसरी मिश्र, प्रशांत सरैया सहित विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद प्राधिकरण, खाद्य सुरक्षा के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक संपन्न

## अंबेडकर जयंती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनी रूपरेखा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी परिसर में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को प्रत्येक बूथ पर भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसके साथ ही 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिनमें राम नवमी, भाजपा स्थापना दिवस, सक्रिय सदस्य सम्मेलन एवं 'गांव चलो – वार्ड चलो' अभियान शामिल हैं। बैठक में 'वन नेशन – वन इलेक्शन' विषय पर जनमत संग्रह अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। मयंक गोयल ने जनप्रतिनिधियों से शहरभर में जनता से संवाद कर इस विषय पर राय जुटाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, लेखकों का अभिनंदन, डिजिटल प्रदर्शनी और अटल जी की योजनाओं का विवरण शामिल होगा। भाजपा संगठन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अटल जी से जुड़ी कोई भी सामग्री होने पर वे जिला कार्यालय से संपर्क करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित यह सम्मेलन अटल की विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को उनकी प्रेरणादायक विचारधारा से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है।

बैठक में मंचासीन महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही क्षेत्रीय मंत्री अजय शर्मा पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल रहे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गाजियाबाद में होगा 'अटल विरासत सम्मेलन'

**करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से आगामी 20 अप्रैल को गाजियाबाद में 'अटल विरासत सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर आरकेजेआईटी सभागार, मेरठ रोड पर एक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में अटल जी के प्रेरणादायक जीवन, उपलब्धियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रदर्शनी, डिजिटल प्रस्तुतिकरण और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व 'अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान' भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत अटल जी से जुड़ी स्मृतियों और संस्मरणों को एकत्रित किया जाएगा तथा संबंधित व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

# भाजपा विधायक पंकज सिंह ने लगाई चौपाल, सुनी जनसमस्याएं





**नोएडा, करंट क्राइम।** भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'गांव चलो अभियान' के अंतर्गत आज नोएडा के ग्राम इलाहबास में भाजपा विधायक पंकज सिंह ने चौपाल लगाकर गाँव के सम्मानित लोगों के साथ संवाद कर समस्याओं को सुना और शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। चौपाल में भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व जनहित के ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में उपस्थित सम्मानित लोगों से विस्तृत चर्चा की।

भाजपा की विचारधारा और पार्टी के कार्य करने की नीतियों से गाँव के हर व्यक्ति में खुशी दिखी। पार्टी के एक कार्यकर्ता के रूप यह वास्तव में मेरे लिए सुखद अनुभूति है।

# महापौर सुनीता दयाल ने 'गांव चलो, वार्ड चलो' अभियान के तहत किया जनसपंर्क

## वार्ड 53 रईसपुर में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'गांव चलो, वार्ड चलो' अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से गाजियाबाद नगर निगम की महापौर श्रीमती सुनीता दयाल ने वार्ड 53 रईस पुर का दौरा किया।

इस जनसंपर्क कार्यक्रम में पार्षद राजकुमार चौधरी और मंडल अध्यक्ष अमित रंजन की अगुवाई में वार्डवासियों एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ जन संवाद किया गया।

इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और '8 साल बेमिसाल' पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, धर्मवीर सिंह, राजसिंह, सुधीर चौधरी, रामबीर सिंह, अमरपाल सिंह, लोकिंदर प्रधान, महेंद्र दरोगा, बच्चू सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुभाष, बाबूराम, राजिंदर, राकेश चौधरी आदि बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही और उन्होंने सरकार की योजनाओं के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया।









### हमारी सरकार ने किया चौमुखी विकास और कार्य : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बीते 8 वर्षों में गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। हमारी कोशिश है कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। 'गांव चलो, वार्ड चलो' अभियान इसी उद्देश्य को लेकर चलाया जा रहा है, ताकि हम जनता से सीधे संवाद कर सकें और उन्हें जागरूक बना सकें। महापौर सुनीता दयाल ने वक्फ बोर्ड को लेकर कहा कि बोर्ड की जमीनों का सही इस्तेमाल हो और पारदर्शिता बनी रहे, यह जरूरी है। जिसके लिए सरकार ने प्रशंसनीय एवं ऐतिहासिक कार्य किया है।

# शहर विधायक संजीव शर्मा ने खाटू श्याम बाबा का लिया आशीर्वाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा खाटू श्याम निशान यात्रा में ठाकुर द्वारा मंदिर से निशान लेकर शुक्रवार को बाबा का आशीर्वाद लिया। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई अंबेडकर रोड मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। संजीव शर्मा ने बताया कि जब से शहर विधानसभा से टिकट हुआ है, तब से खाटू नरेश की इतनी कृपा रही है कि प्रतिदिन कहीं ना कहीं खाटू संकीर्तन में जाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। बाबा का आशीर्वाद सदा यूं ही बना रहे और वह अपने सभी भक्तों पर कृपा बनाए रखें।

# वास्तविक सुंदरता सूरत में नहीं सीरत में होती है : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन मोक्षधाम के अध्यक्ष आचार्य मनीष पंडित ने बताया कि किसी भी व्यक्ति की सुंदरता उसकी सूरत से नहीं होती सीरत से होती है। उसका बात व्यवहार, उसका कर्म ही उसकी सुंदरता है। कहीं-कही देखें की व्यक्ति बहुत सुंदर और उसके कर्म बुरे जो सभी को पता है तो उस व्यक्ति को कोई सुंदर नही कहेगा। इंसान असली मायने में तब सुंदर माना जाता है, जब खुशबू उसके किरदार से आए।

# भाजपा के साथ जुड़कर काम करे वाल्मीकि समाज : प्रदीप चौहान



**बिजनौर, करंट क्राइम।** नजीबाबाद में वाल्मीकि समाज की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से वाल्मीकि और दलित समाज के लोगों को सम्मान मिलना शुरू हुआ। चाहे अयोध्या में भगवान वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट बनाने का मामला हो या फिर प्रधानमंत्री द्वारा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के पैर धोने का मामला हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने दलित समाज को सम्मान दिया है। प्रदीप चौहान ने आगे बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से नवाजा गया। यह दलित के लिए सम्मान का विषय है इसलिए वाल्मीकि समाज अपना दिल बड़ा करके भाजपा से जुड़े और पार्टी के लिए काम करे। बैठक में उपस्थित वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपने स्थानीय समस्या का जिक्र भी मुख्य अतिथि के सामने किया। इस पर बोलते हो उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं का निराकरण भाजपा संगठन से वार्ता करके शीघ्र कराया जाएगा।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पुष्प अर्पित कर मनाई। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी महानगर अध्यक्ष महिला सभा किरण कालिया छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन बाबासाहेब वाहिनी प्रदेश सचिव कृष्ण ढाकोलिया जिला सचिव कृष्ण यादव महानगर सचिव सोनू सैनी महानगर सचिव शैलेश चंद्र गौतम महानगर सचिव साजिद सैफी महानगर सचिव नवीन कुमार शर्मा रिजवान चौधरी रविंद्र कुमार महानगर सचिव सुनील जिंदल राहुल रावत कार्यालय प्रभारी मौजूद रहे।

### सदस्यता ग्रहण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर आए लोगों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र, चेयरमैन एवं जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी, प्रदेश सचिव रणवीर दहिया, वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय लोकदल आफताब नेताजी, मुजीबुर रहमान एडवोकेट जिला महासचिव युवा राष्ट्रीय लोकदल मौजूद रहे।

# शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती समारोह सामाजिक सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया गया। राम दुलार यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी रामदुलार यादव ने कहा कि फुले दंपत्ति के द्वारा समाज के लिए किए गए कार्य एवं नारी उत्थान के लिए भी बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा कि फुले दम्पति द्वारा सैनी समाज को नहीं बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा दी गई।

महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने सर्वप्रथम महाराष्ट्र में विद्यालय खोल कर महिला उत्थान एवं दलित वर्ग के लिए विद्यालय खोल कर्म को पढ़ाना शुरू किया एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को हमें अपनाना चाहिए और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर चन्द्रबली मौर्य, इंजी धीरेन्द्र यादव, अनिल मिश्र, विनोद त्रिपाठी, राम प्यारे यादव ने भी संबोधित किया, हुकुम सिंह ने महात्मा ज्योतिराव पर अपने विचार व्यक्त किए।

# वार्ड 97 में हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन, वितरित किया गया प्रसाद

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 चंद्र नगर चौक पर हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान चालीसा के पाठ के साथ पार्षद भगवान अग्रवाल ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी, महापौर सुनीता दयाल ने पाठ के बाद लोगों को प्रसाद वितरण के साथ-साथ ही हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी भक्तजनों को भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही साथ जय हनुमान के नाम से पूरा वार्ड क्षेत्र गूंज रहा था। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि इस कल युग में हनुमान संकट मोचक हैं। इससे पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।





### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा पार्षद पूनम सिंह की पौत्री अनु ने अपने स्कूल में ओलंपियाड में टॉप किया। पोती की सफलता को पार्षद पूनम सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने सभी समर्थकों, शुभचिंतकों के साथ साझा किया। उज्जवल भविष्य की कामनाएं लेकर की गई इस पोस्ट पर बधाई और शुभकामनांओं का एक सिलसिला चलता रहा। अपनी पौत्री अनु सिंह की सफलता को लेकर पार्षद पूनम सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।